दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज बिहार से प्रकाशित संपूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश में प्रसारित!

Digital Daily News Paper R.N.I. 68041/93 सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार

# लोकतंत्र की आवाज





● नवादा से प्रकाशित ● नवादा, मंगलवार 10 मार्च 2026 ● वर्ष : 04 अंक : 995


## संक्षिप्त खबरें ।

### कांग्रेस ने असम में चार दलों के साथ नया गठबंधन किया

**लोक तंत्र की आवाज़**



**गोहाटी।** कांग्रेस पार्टी ने असम में चार अन्य दलों के साथ एक नया गठबंधन बनाने की घोषणा की है। इस गठबंधन में लुरिनजोत गोगोई की असम जातीय परिषद और सीपीएम शामिल हैं। हालांकि, सीपीआई और सीपीआई माले को इसमें स्थान नहीं मिला है। सूत्रों के अनुसार, यह गठबंधन अंतिम नहीं है और अन्य दलों के साथ बातचीत जारी है। कांग्रेस का चुनावी रणनीति अहोम संस्कृति और स्थानीय अस्मिता पर आधारित है। जानें इस गठबंधन के पीछे की रणनीति और संभावनाएँ।

**कांग्रेस का नया गठबंधन :** कांग्रेस पार्टी ने असम में चार अन्य राजनीतिक दलों के साथ एक नया गठबंधन बनाने की घोषणा की है। इस गठबंधन में लुरिनजोत गोगोई की असम जातीय परिषद और सीपीएम शामिल हैं। इसके साथ ही ऑल पार्टी हिल लीडर्स कॉन्फ्रेंस भी इस गठबंधन का हिस्सा बनी है। हालांकि, सीपीआई और सीपीआई माले को इसमें स्थान नहीं मिला है, जो कि एक चौंकाने वाली बात है। इसके अलावा, अखिल गोगोई की पार्टी रायजोर दल को भी कांग्रेस ने गठबंधन में शामिल नहीं किया है। पहले, कांग्रेस ने आठ दलों का एक संयुक्त मोर्चा बनाया था, लेकिन अब उनमें से चार दल बाहर हो चुके हैं।

**भविष्य की संभावनाएँ :** सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस का यह गठबंधन अंतिम नहीं है, और अन्य दलों के साथ बातचीत जारी है। उल्लेखनीय है कि अखिल गोगोई विधायक हैं और उन्होंने नागरिकता कानून में संशोधन के खिलाफ आंदोलन में भाग लिया था। उन्होंने और लुरिनजोत गोगोई ने अहोम अस्मिता के मुद्दे पर एक बड़ा आंदोलन चलाया था। इस बार कांग्रेस का चुनाव इसी मुद्दे पर आधारित होगा। भाजपा की सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की राजनीति के खिलाफ, कांग्रेस ने अहोम संस्कृति और स्थानीय अस्मिता को अपने चुनावी रणनीति का केंद्र बनाया है। यदि अखिल गोगोई इस गठबंधन का हिस्सा नहीं बनते हैं, तो यह मुद्दा कमजोर हो सकता है। कांग्रेस को लेफ्ट की तीनों पार्टियों के साथ होने का भी लाभ मिल सकता है। जातीय दल असोम पहले कांग्रेस के साथ था।

# राहुल साइलेंट हुए तो विपक्ष ने खेला दांव, स्पीकर को करा दिया एक महीने के लिए 'खामोश'

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** संसद के बजट सत्र का दूसरा फेज सोमवार से शुरू हो रहा है. यह काफी हंगामेदार होने वाला है. बजट सत्र के पहले फेज में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सदन में बोल नहीं सके, क्योंकि बजट के मुद्दे पर बोलने के बजाय पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित किताब में चीन के साथ सीमा विवाद पर लिखे गए अंश पर अपनी बात रखना चाहते थे. इसके जवाब में विपक्ष ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का दांव चला।

स्पीकर ओम बिरला ने राहुल गांधी को बजट चर्चा के दौरान केवल बजट पर बोलने या नियमों (Rule 349) का पालन करने की बात कही थी, जबकि राहुल गांधी चीन के साथ गतिरोध पर पूर्व सेना प्रमुख जनरल नरवणे के अप्रकाशित संस्मरणों का हवाला देना चाहते थे. ऐसे में स्पीकर ने नियमों के विरुद्ध बताते हुए राहुल गांधी को बोलने की अनुमति नहीं दी थी। बजट सत्र के पहले फेज में राहुल ने कई बार बोलने की कोशिश की, लेकिन हर बार उन्हें रोक दिया गया. इसके चलते कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों ने स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ले आया. विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव से भले ही स्पीकर न हट सके, लेकिन ओम बिरला को बजट के पहले सत्र में 'खामोश' कर दिया था।



### क्या स्पीकर ओम बिरला को हटा पाएंगा विपक्षी सांसद

लोकसभा स्पीकर को हटाने के लिए विशेष बहुमत की आवश्यकता नहीं होती. इसके लिए साधारण बहुमत ही पर्याप्त होता है. यानी उस समय सदन में जितने भी सांसद मौजूद हों और मतदान कर रहे हों, उनमें से आधे से एक अधिक सांसदों का समर्थन मिलना जरूरी है. उदाहरण के तौर पर यदि उस समय कुल 400 सांसद मौजूद हैं और मतदान कर रहे हैं, तो प्रस्ताव पास होने के लिए कम से कम 201 सांसदों का समर्थन चाहिए। विपक्ष के तमाम दल पूरी तरह से एकजुट है, जिसमें कांग्रेस से लेकर सपा, टीएमसी, लेफ्ट सहित सभी विपक्षी दल साथ हैं.

**राहुल गांधी हुए साइलेंट तो स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्तावः** लोकसभा में राहुल गांधी को स्पीकर ने बोलने की इजाजत नहीं दी. इस पर राहुल गांधी ने कहा था कि हिंदुस्तान के इतिहास में इस साल पहली बार लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष का बोलने नहीं दिया गया. मैंने स्पीच शुरू की. मुझे रोका गया. फिर शुरू की, फिर रोका गया. इसके जवाब में विपक्ष ने स्पीकर ओम बिरला को हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लेकर आया।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने के प्रस्ताव पर कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा था कि सदन में विपक्ष के नेता को सरकार के खिलाफ बोलने की इजाजत नहीं दी गई. लोकसभा में एकतरफा शासन चल रहा था. इसलिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला अविश्वास प्रस्ताव का सामना कर रहे हैं. साथ ही कांग्रेस के सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि अगर अंपायर खुद पक्षपाती हो जाए, तो खेल सत्ता का हो जाता है, लोकतंत्र का नहीं. इसीलिए हमने प्रस्ताव पेश किया है।

सुखदेव भगत ने कहा कि जिस तरह राहुल गांधी की आवाज दबाई जा रही है, उसी तरह विपक्ष की आवाज भी दबाई जा रही है. लोकतंत्र के सर्वोच्च मंदिर में जन मुद्दे गायब हो जाते हैं. इसीलिए हमने यह कदम उठाया हैय मेरा मानना है कि हर पार्टी के लोग, हर विपक्षी पार्टी के लोग, महसूस करते हैं कि उनके साथ निष्पक्ष व्यवहार नहीं किया जा रहा है. उन्हें उचित समय नहीं दिया जा रहा है, और हर पार्टी हमारे साथ है।

**लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को विपक्ष ने किया खामोशः** पिछले महीने बजट सत्र के पहले चरण के दौरान, विपक्ष ने लोकसभा के महासचिव को अविश्वास प्रस्ताव सौंपकर अध्यक्ष को हटाने की मांग की थी. इस प्रस्ताव में विपक्षी सांसदों ने ओम बिरला पर पक्षपातपूर्ण तरीके से काम करने का आरोप लगाया था. कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, डीएमके, वामपंथी दलों और अन्य दलों के 118 सांसदों ने इस पर हस्ताक्षर किए थे।

अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिए जाने के बाद लोकसभा स्पीकर ओम बिरला अब लोकसभा की कार्यवाही का संचालन नहीं कर सके. ओम बिरला ने निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सदन की कार्यवाही की अध्यक्षता से खुद को अलग कर लिया था. ऐसे में जब तक प्रस्ताव पर फैसला नहीं हो जाता, ओम बिरला पीठासीन अधिकारी (स्पीकर की कुर्सी) के रूप में काम नहीं करेंगे।

## ईरान के सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई हमले में घायल, पहले एक्शन में इजरायल को थर्राया, अमेरिका तक मचा तबाही



**लोक तंत्र की आवाज़**

**तेहरान।** अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद अब उनके बेटे मोजतबा खामेनेई को ईरान का नया सुप्रीम लीडर चुना गया है. इसने ईरान की इस्लामिक सरकार के समर्थकों के अंदर एक नया जोश भर दिया है. नए सुप्रीम लीडर के आते ही ईरान ने इजरायल के खिलाफ जोरदार हमला बोल दिया है. वहीं मोजतबा खामेनेई को लेकर न्यूज आउटलेट ईरान इंटरनेशनल का दावा है कि वह इस समय चल रहे युद्ध में घायल हो चुके हैं. हालांकि यह कब और कैसे हुआ इसके बारे में नहीं बताया गया है. वहीं ईरान ने अपने नए हमले में सऊदी अरब की तरफ भी ड्रोन लॉन्च किए. मोजतबा खामेनेई के सुप्रीम लीडर बनते ही ईरान की सबसे ताकतवर सैन्य संस्था इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स यानी IRGC ने उनके प्रति पूरी निष्ठा जताई है. IRGC ने बयान जारी कर कहा कि वह नए सुप्रीम लीडर के 'दिव्य आदेशों' का पूरी तरह पालन करेगी और जरूरत पड़ने पर अमेरिका-ईरान युद्ध में अपनी जान तक कुर्बान करने को तैयार है।

**ईरान ने बोल दिया हमलाः** ईरान की संसद के स्पीकर और कई वरिष्ठ राजनीतिक नेताओं ने भी मोजतबा के नेतृत्व का स्वागत किया. असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स ने घोषणा करते हुए देशवासियों से नए नेता के प्रति निष्ठा जताने और एकजुट रहने की अपील की. वरिष्ठ नेता अली लारिजानी ने कहा कि दुश्मनों को लगा था कि अली खामेनेई की हत्या के बाद ईरान कमजोर पड़ जाएगा, लेकिन कानूनी प्रक्रिया के जरिए नया नेता चुन लिया गया और देश मजबूती से खड़ा है. नए सुप्रीम लीडर के ऐलान के कुछ ही घंटों बाद ईरान ने युद्ध के मोर्चे पर भी आक्रामक रुख दिखाया. IRGC ने वीडियो जारी कर दावा किया कि उसने इजरायल और क्षेत्रीय लक्ष्यों की ओर कई मिसाइलें दागी हैं. इनमें खोर्रमशहर, फतह, खैबर और कद्र जैसी मिसाइलों का इस्तेमाल बताया।

## क्या हमारे पास बंगाल के अलावा और कोई काम नहीं?', CJI सूर्यकांत क्यों भड़के, सुप्रीम कोर्ट में ऐसा क्या हुआ?

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** पश्चिम बंगाल में एसआईआर का मुद्दा अब भी छाया हुआ है. सुप्रीम कोर्ट में आज यानी सोमवार को पश्चिम बंगाल SIR का मुद्दा उठा. इतना ही नहीं, सुनवाई के दौरान CAA आवेदकों की याचिका का भी जिक्र था. इसे देखते ही सीजेआई सूर्यकांत भड़क गए. उन्होंने साफ-साफ लहजे में कह दिया कि क्या सुप्रीम कोर्ट के पास पश्चिम बंगाल के अलावा और कोई काम नहीं है. हालांकि, उन्होंने याचिका रिजेक्ट नहीं की. अब इस मामले की पर कल यानी मंगलवार को सुनवाई होगी. चलिए जानते हैं कि आखिर सुप्रीम कोर्ट में असल में हुआ क्या।



दरअसल सुप्रीम कोर्ट में आज यानी सोमवार (09 मार्च 2026) को पश्चिम बंगाल के एसआईआर यानी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) से जुड़े मामले का जिक्र किया गया. इस मामले की सुनवाई सीजेआई यानी चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच के सामने हुई. इस दौरान सीनियर एडवोकेट मेनका गुरुस्वामी ने एसआईआर में वोटरों के नाम हटाने का मुद्दा उठाया।

**सुप्रीम कोर्ट में हुआ क्या?:** सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के दौरान कुछ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं और उनके दस्तावेज रिकॉर्ड पर नहीं लिए गए. उन्होंने कहा कि ये वे मतदाता हैं, जिन्होंने पहले वोट डाला था, लेकिन अब उनके दस्तावेज स्वीकार नहीं किए जा रहे हैं. इतना सुनते ही सीजेआई सूर्यकांत ने बीच में टोका। इसी दौरान CAA आवेदकों की एक अन्य याचिका का भी जिक्र किया गया. इसमें कहा गया कि वे एसआईआर यानी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन सूची में शामिल नहीं हो पाए क्योंकि वे पेश नहीं हो सके थे।

### सीजेआई ने क्या कहा?

सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि व्यवस्था के तहत सुप्रीम कोर्ट न्यायिक अधिकारियों के फैसलों पर अपील की तरह सीधे नहीं बैठ सकता. इस पर वकील गुरुस्वामी ने दलील दी कि धारा 23 और 24 के तहत अपील का प्रावधान है, इसलिए इस मामले को टैग किया जा सकता है.

## उधर जदयू में निशांत कुमार का राजतिलक! इधर राजद के लिए तेजस्वी का बड़ा प्लान, 1 पोलो रोड में होगी 'सीक्रेट मीटिंग'!

**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** बिहार की मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों के बीच नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने महागठबंधन की एक अहम बैठक बुलाई है. यह बैठक मंगलवार, 10 मार्च को दोपहर दो बजे पटना स्थित उनके सरकारी आवास 1 पोलो रोड पर आयोजित होगी. बैठक में महागठबंधन के सभी विधायक (MLA) और विधान पार्षद (MLC) को शामिल होने के लिए बुलाया गया है. माना जा रहा है कि इस बैठक में राज्यसभा चुनाव, बिहार की बदलती राजनीतिक स्थिति और हाल के घटनाक्रमों पर विस्तार से चर्चा होगी।



सूत्रों के अनुसार, हाल के दिनों में बिहार की राजनीति में तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा के लिए नामांकन करने के बाद बिहार में सियासी हलचल तेज हो गई है. बिहार के सियासी गलियारे में हर ओर यही चर्चा हो रही है कि बिहार का अगला सीएम कौन होगा? वहीं इसी बीच जेडीयू के भीतर भी नए नेतृत्व और भविष्य की रणनीति को लेकर चर्चा तेज हो गई है. इन घटनाक्रमों को देखते हुए महागठबंधन की यह बैठक काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

बैठक में आगामी राज्यसभा चुनाव को लेकर रणनीति तैयार करने पर विशेष जोर रहेगा. महागठबंधन के नेता इस बात पर विचार करेंगे कि चुनाव में किस तरह एकजुट होकर मुकाबला किया जाए और गठबंधन के वोटों को किस प्रकार संगठित रखा जाए. साथ ही यह भी चर्चा होने की संभावना है कि मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों में विपक्ष की भूमिका क्या होनी चाहिए। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि निशांत कुमार की जेडीयू में एंट्री और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने की खबरों ने बिहार की राजनीति को नया मोड़ दे दिया है. इन घटनाओं के बाद विपक्षी दल भी अपनी रणनीति को लेकर सक्रिय हो गए हैं।

### तेजस्वी के लिए कितनी बड़ी चुनौती है निशांत की एंट्री?

इस बीच बिहार की राजनीति में एक और बड़ा घटनाक्रम सामने आया है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार ने हाल ही में औपचारिक रूप से जनता दल यूनाइटेड (JDU) की सदस्यता ग्रहण की है. पटना स्थित जेडीयू कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने पार्टी में शामिल होकर अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत की. उनके इस कदम को जेडीयू में संभावित पीढ़ीगत बदलाव और भविष्य की रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है. अब बिहार में तेजस्वी यादव को युवा चेहरे के रूप में निशांत कुमार की चुनौती मिलेगी. ऐसे में तेजस्वी यादव बिहार की वर्तमान राजनीतिक हालात को लेकर भी पार्टी नेताओं के साथ चर्चा करेंगे।

## विदेश भागने के फ़िराक में हैं स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती

**लोक तंत्र की आवाज़**

**प्रयागराज।** ज्योति पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती पर नाबालिग बटुकों के साथ यौन शोषण का आरोप लगाने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी एक बार फिर से प्रयागराज की पॉक्सो कोर्ट पहुंच गए हैं. उन्होंने रविवार को रीवा एक्सप्रेस में अपने ऊपर हुए जानलेवा हमले के बाद सोमवार को प्रयागराज की पॉक्सो कोर्ट में एक नई अर्जी दाखिल की है. आशुतोष ब्रह्मचारी ने अर्जी दाखिल कर ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को विदेश भागने से रोके जाने और उनकी गौ प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध यात्रा पर रोक लगाए जाने की मांग की है. आशुतोष ब्रह्मचारी ने अर्जी के साथ अपने ऊपर हुए जानलेवा हमले की भी जानकारी



■ हमले के बाद आशुतोष ब्रह्मचारी फिर पहुंचे पॉक्सो कोर्ट, लगाई ये गुहार

पोक्सो कोर्ट को दी है. उन्होंने कोर्ट से मांग की है कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद गौ प्रेरणा धर्मयुद्ध यात्रा के बहाने लखनऊ से विदेश भाग सकते हैं. इसलिए तत्काल कोर्ट पासपोर्ट और वीजा जब्त करने का आदेश जारी करते हुए उनके विदेश भागने पर पाबंदी लगाए।

आशुतोष ब्रह्मचारी ने कहा है कि उनकी यात्रा ऐसे जिलों से होकर जा रही है जहां पर उनके उपर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाले बटुकों के जिले हैं. ऐसे में उन्होंने उन नाबालिग पीड़ित बटुकों की सुरक्षा को भी बड़ा खतरा बताया है. आशुतोष ब्रह्मचारी ने कहा है कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की गौ यात्रा के पीड़ित बटुकों के जिले में जाने पर वहां किसी तरह की अनहोनी हो सकती है. आशुतोष ब्रह्मचारी ने कहा है कि पॉक्सो कोर्ट के आदेश के बाद ही स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और अन्य के खिलाफ झूंसी थाने में मुकदमा दर्ज हुआ है. इसलिए बटुकों की सुरक्षा को लेकर उन्हें एक बार फिर से पोक्सो कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा है।

**कोर्ट के आदेश की अवमाननाः** आशुतोष ब्रह्मचारी ने कहा है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भी स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को अंतरिम आदेश आने तक गिरफ्तारी पर रोक लगाई है। लेकिन वह अपने स्थान को छोड़कर कहीं दूसरी जगह नहीं जा सकते हैं. लेकिन गौ यात्रा के बहाने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने अपने स्थान को छोड़ दिया है और वह न्यायालय के आदेश की भी अवमानना कर रहे हैं. उन्होंने कहा है कि गौ प्रतिष्ठा धर्म युद्ध यात्रा के जरिए जिस गौ हत्या को बंद करने की वह बात कर रहे हैं. यूपी में वह पहले से ही प्रतिबंधित है. अगर उन्हें इस तरह की कोई यात्रा निकालनी चाहिए तो उन्हें केरल जाना चाहिए।

**गौ प्रतिष्ठा धर्म युद्ध यात्रा गलतः** आशुतोष ब्रह्मचारी ने आरोप लगाया है कि गौ प्रतिष्ठा धर्म युद्ध यात्रा पुलिस प्रोटेक्शन में चल रही है जो पूरी तरह से गलत है और इस यात्रा को लेकर कोई अनुमति भी स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की ओर से नहीं ली गई है. उन्होंने कहा है कि पॉक्सो कोर्ट को इस संबंध में सभी जानकारी साक्ष्य के साथ अर्जी के जरिए दी जा रही है, ताकि कोर्ट इस पर आदेश पारित कर उनकी गौ प्रतिष्ठा धर्म युद्ध यात्रा पर रोक लगाए और विदेश जाने से भी उन्हें रोके। आशुतोष ब्रह्मचारी ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पर आरोप लगाया है कि वह मेरे ऊपर जिन आपराधिक मुकदमों की बात कर रहे हैं, मुझे किसी मुकदमे में कोई सजा नहीं हुई है. लेकिन वह खुद पॉक्सो के मामले में वांछित हैं. ऐसे में कैसे वह वाराणसी छोड़कर दूसरे स्थान पर गौ यात्रा निकाल रहे हैं. उन्होंने कहा है कि यह यात्रा भी सरकार और पुलिस पर दबाव बनाने के लिए निकाली जा रही है।

## भाजपा ने नीतीश से सीएम पद छीना, अब जदयू को खत्म करेगी: मृत्युंजय तिवारी

**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** बिहार के मुख्य मंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के फैसले और नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद से विपक्ष लगातार उन्हें टारगेट कर रहा है. राजद नेता मृत्युंजय तिवारी ने दावा किया है कि जिस तरह से भाजपा ने नीतीश कुमार से सीएम पद छीना है, ठीक उसी प्रकार से बिहार में उनकी पार्टी जदयू को भी समाप्त करेगी।



पटना में से बातचीत में राजद नेता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि नीतीश कुमार से जब भाजपा ने सीएम की कुर्सी छीन ली है तो वे बिहार में रहें या फिर दिल्ली में, कोई फर्क नहीं पड़ता. हमारे नेता तेजस्वी यादव तो भविष्यवाणी कर चुके थे कि भाजपा नीतीश कुमार को चुनाव के बाद सीएम नहीं बनाएगी. आखिरकार भविष्यवाणी सच साबित हुई. चुनाव को अभी तीन महीने ही हुए हैं और नीतीश कुमार सीएम पद से हटाए जा रहे हैं। तेजस्वी यादव के बयान का जिक्र करते हुए राजद नेता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि महाराष्ट्र वाला खेल बिहार में भी हो गया। अब भाजपा जदयू को भी खत्म करेगी।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति प्रोटोकॉल मामले में पश्चिम बंगाल की मुख्य मंत्री ममता बनर्जी विवाद में फंस गई हैं. राजद नेता मृत्युंजय तिवारी ने सीएम का बचाव करते हुए कहा कि भाजपा बंगाल में सियासत करने लगी है. भाजपा को बंगाल में अहसास हो गया है कि वे चुनाव हार रही है। राजद नेता ने कहा कि सियासत की रोटी राष्ट्रपति मुर्मु को आगे कर सेंकी जा रही है. बंगाल की मुख्य मंत्री ममता बनर्जी लंबे समय से हैं. उन्हें प्रोटोकॉल का ज्ञान न सिखाएं. वे संवैधानिक पद पर बैठे लोगों का सम्मान करना जानती हैं.

## अमेरिका पर जमकर बरसे संजय सिंह: बोले- युद्ध अपराधी देश है अमेरिका, केंद्र सरकार पर भी जमकर साधा निशाना

**लोक तंत्र की आवाज़**

**मुरादाबाद।** यूपी के मुरादाबाद जिले के पाकबड़ा कस्बे में नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद याकूब की ओर से रविवार को आयोजित रोजा इफ्तार कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह शामिल हुए। गिरजाघर रोड स्थित एक बैंक्वेट हाल में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, सामाजिक कार्यकर्ता और पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान संजय सिंह ने देश-विदेश की राजनीति पर खुलकर अपनी राय रखी और अमेरिका की नीतियों की कड़ी आलोचना की। संजय सिंह ने अपने



संबोधन में कहा कि अमेरिका एक युद्ध अपराधी देश है, जो दुनिया के कई देशों पर दबाव बनाकर उन्हें कमजोर करने की कोशिश करता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका पहले वेनेजुएला, इराक और अफगानिस्तान जैसे देशों को कुचल चुका है और अब ईरान के सुप्रीम लीडर खामनेई की हत्या कराकर अपनी तानाशाही मानसिकता दिखा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि अमेरिका की ऐसी नीतियों को नहीं रोका गया तो इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा।

**ट्रंप की नीतियों पर भी साधा निशानाः** राज्यसभा सांसद ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति तानाशाही रवैया अपना रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ट्रंप जैसे नेताओं को समय रहते नहीं रोका गया तो विश्व शांति के लिए गंभीर खतरा पैदा हो सकता है। उनके मुताबिक विश्व के कई देशों में अमेरिका की दखलंदाजी लगातार बढ़ रही है, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तनाव की स्थिति बनती जा रही है।

**गैस सिलेंडर की कीमतों को लेकर केंद्र सरकार पर हमलाः** संजय सिंह ने देश की आर्थिक नीतियों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सरकार ने घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 60 रुपये और कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में 120 रुपये की बढ़ोतरी कर दी है।

## चुनाव आयोग की बैठक में गरमाया माहौल, TMC ने CEC पर महिलाओं के अपमान का आरोप लगाया

**लोक तंत्र की आवाज़**

**कोलकाता।** चुनाव आयोग की फुल बेंच बैठक के दौरान तृणमूल कांग्रेस और आयोग के बीच तनातनी देखने को मिली. बैठक के बाद ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी ने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त का व्यवहार अनुचित था और उन्हें "चिल्लाने से मना" किया गया. चुनाव आयोग के सूत्रों ने प्रतिक्रिया में कहा कि एक TMC मंत्री ऊंची आवाज में बोल रही थीं, जिसके बाद CEC ने आवाज नीची रखने और अपनी मांगें/सुझाव लिखित में देने को कहा।





**TMC का आरोप, CEC ने तंज कसाः** TMC की चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा, "CEC नाराज हो गए, बोले हम चिल्ला रहे थे. उन्होंने तंज किया कि हम सुप्रीम कोर्ट गए हैं. मुझे कहा कि 'शाउट मत करो'. ज्ञानेश कुमार को महिलाओं के प्रति कोई सम्मान नहीं." उन्होंने आगे कहा, "CEC का व्यवहार बहुत खराब था. उन्होंने मुझे 'शाउट मत करो' कहा. किसी महिला से इस तरह कैसे कहा जा सकता है और उंगली उठाई जा सकती है? हम मीटिंग से संतुष्ट नहीं हैं। TMC के मुताबिक, उन्हें फुल बेंच में बोलने का आख़िरी स्लॉट दिया गया. पार्टी ने कहा कि उन्होंने पहले भी CEC से कई बार मुलाकात की, लेकिन उठाई गई आशंकाओं पर कार्रवाई नहीं हुई. TMC ने फॉर्म-7 में अनियमितताओं और इनपुट के मुताबिक SIR के बाद महिला मतदाताओं की संख्या कम होने का मुद्दा उठाया।

**कांग्रेस का सवाल: "लाखों नाम डिलीट, क्या ये मतदाता वोट कर पाएंगे? :** पश्चिम बंगाल कांग्रेस के प्रदीप भट्टाचार्य ने बैठक के बाद कहा कि "बड़े सवाल" में से एक यह है कि जो मामले विचाराधीन (under adjudication) हैं, क्या वे लोग वोट कर पाएंगे या नहीं. उनके मुताबिक, मालदा से 8 लाख और मुर्शिदाबाद से 11 लाख वोटरों के नाम डिलीट किए गए हैं. कांग्रेस ने एक चरण में चुनाव कराने की मांग रखी। CPIM के मोहम्मद सलीम ने फुल बेंच के साथ ऑल पार्टी मीटिंग के बाद कहा, "ECI ने मासूम जनता के खिलाफ युद्ध क्यों छेड़ा है? जब तक SIR पूरा नहीं होगा, हम चुनाव नहीं होने देंगे." उन्होंने कहा कि "60 लाख लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी" BJP के इशारे पर की गई है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### सीओ-आरओ के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से अंचल कार्यालय में पसरा सन्नाटा



**कौआकोल।** कौआकोल अंचल के सीओ मनीष कुमार सहित सूबे के सभी सीओ और आरओ सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। जिससे अंचल कार्यालय में पूरी तरह सन्नाटा पसर गया है। बता दें कि राजस्व कर्मचारी भी अपने संघ के आहवान पर पिछले 11 फरवरी से ही अनिश्चितकालीन आंदोलन पर हैं। जिससे राजस्व विभाग की स्थिति चरमरा गई है। दाखिल–खारिज,एलपीसी सहित अन्य प्रमाणपत्र बनना पूरी तरह ठप हो गया है। सरकार और विभाग की ओर से लंबे समय से लंबित मांगों को पूरा नहीं किए जाने के विरोध में राजस्व कर्मियों द्वारा उठाये गए इस कदम का सीधा असर आम लोगों से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों पर पड़ा है। दाखिल–खारिज, भूमि परिमार्जन,जमीन से जुड़े अन्य राजस्व मामलों के साथ–साथ जाति,आय और आवासीय प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया भी रुक गई है। इससे हजारों लोगों के जरूरी काम अटक गए हैं।

### लेवी वसूली करने वाले गिरोह का खुलासा, 04 हथियार व 29 जिंदा कारतूस के साथ दो गिरफ्तार




सुनील कुमार

**नवादा।** नवादा पुलिस ने आर्म्स एक्ट से जुड़े मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक देशी कट्टा, एक पिस्टल, एक रायफल, एक दोनाली बंदूक तथा 29 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से गोविंदपुर थाना क्षेत्र के पहाड़ी जंगलों में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा हथियार के बल पर शराब कारोबारियों से लेवी वसूली करने की सूचना मिल रही थी। सूचना के आधार पर विशेष कार्य बल व जिला आसूचना इकाई की टीम ने कार्रवाई करते हुए 8 मार्च को झारखंड के गिरिडीह जिले से दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर गोविंदपुर थाना लाया और पूछताछ की। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे गोविंदपुर और रजौली के पहाड़ी क्षेत्रों में शराब कारोबारियों से अवैध वसूली करते थे और हथियारों को सुअरलेटी डैम के पहाड़ों में छिपाकर रखा था। उनकी निशानदेही पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर चार हथियार और 29 कारतूस बरामद किए। गिरफ्तार अभियुक्तों में पवन कुमार (जिला कोडरमा, झारखंड) और पंकज यादव (जिला जमुई) शामिल हैं। दोनों का आपराधिक इतिहास भी रहा है। इस मामले में गोविंदपुर थाना कांड संख्या 65/26 दर्ज कर आगे की जांच जारी है।

### साप्ताहिक समन्वय बैठक में डीएम ने दिए कई निर्देश, 'सबका सम्मान-जीवन आसान' पर जोर

**बिहारशरीफ।** जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय तकनीकी व गैर–तकनीकी पदाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समन्वय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिहार सरकार के सात निश्चय–3 के तहत 'सबका सम्मानझजीवन आसान तथा मलमास मेला 2026 की तैयारियों की समीक्षा की गई।डीएम ने निर्देश दिया कि प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को ग्राम पंचायत से लेकर जिला स्तर तक सभी सरकारी कार्यालयों में अधिकारी अपने कक्ष में उपस्थित रहकर आम लोगों की शिकायतें सुनें और उनका त्वरित समाधान करें। अनुपस्थिति की स्थिति में अधिकृत अधिकारी को जिम्मेदारी निभानी होगी तथा कार्यालयों में आगंतुकों के लिए बैठने, पेयजल और शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।बैठक में एग्री स्टैक परियोजना के तहत फार्मर रजिस्ट्री, जमाबंदी बकेट क्लेम व सत्यापन कार्य में तेजी लाने के लिए कृषि एवं राजस्व विभाग को संयुक्त रूप से कैंप लगाने का निर्देश दिया गया। साथ ही जिला जनता दरबार की शिकायतों, भूमि विवाद, म्यूटेशन, परिमार्जन प्लस और ई–मापी मामलों के त्वरित निष्पादन पर जोर दिया गया। डीएम ने लघु सिंचाई विभाग को पइन–आहर को अतिक्रमण मुक्त कराने, पीएचईडी को गर्मी से पहले नल–जल शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए मोबाइल व्हीकल व क्यूआरटी टीम बनाने तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे का निर्देश दिया।इसके अलावा राशन कार्ड के लंबित आवेदनों का निष्पादन, खाद्यान्न वितरण, राजगीर व बिहारशरीफ में अंतरराज्यीय बस स्टैंड के लिए भूमि चयन, शराब विनष्टीकरण, बाढ़ से पूर्व तटबंध मरम्मत तथा विभिन्न न्यायिक मामलों के त्वरित निष्पादन को लेकर भी अधिकारियों को निर्देश दिए गए। बैठक में जिले के सभी वरिष्ठ अधिकारी व प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

# 24 साल की उम्र में क्रैक किया यूपीएससी, नवादा की बेटी रितिका को सीएसइ में मिली 185वीं रैंक



**लोक तंत्र की आवाज़**

**नवादा।** नवादा जिले के हिसुआ नगर परिषद क्षेत्र स्थित हिसुआ पांचू की रितिका पाण्डेय ने संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा, 2025 में 185वां रैंक लाकर गौरवान्वित किया है। रितिका पाण्डेय के पिता संजय पाण्डेय मूल रूप से हिसुआ पांचू के निवासी हैं और साधारण व्यवसाय करते हैं। दुकानों में कैरी बैग की आपूर्ति करना उनका पेशा है, लेकिन बच्चे-बच्चियों को उच्च शिक्षा दिलाना उनका जुनून रहा है। रितिका पाण्डेय ने तीसरे प्रयास में यह सफलता अर्जित की है। पहले प्रयास में प्रारंभिक परीक्षा तक पहुंची थी, तो दूसरे प्रयास में उन्होंने साक्षात्कार तक का सफर तय किया था, लेकिन अंतिम परीक्षा परिणाम में उनका नाम नहीं आ सका था। उनकी शिक्षा-दीक्षा झारखंड और दिल्ली में हुई है। रांची के मनन विद्या स्कूल से दसवीं और बारहवीं परीक्षा उत्तीर्ण की। बारहवीं में वे पूरे राज्य में दूसरे स्थान पर रही थी। दिल्ली विश्वविद्यालय के गार्गी कॉलेज से भौतिकी (प्रतिष्ठा) में स्नातक उत्तीर्ण किया। इसमें भी उन्होंने 9.7 सीजीपीए लाकर दूसरा स्थान पाया था। पिता के अथक परिश्रम और लगन को उन्होंने अपने जीवन का सार बनाया और परिवार की आर्थिक तंगी को चुनौती के रूप में स्वीकारा। उन्होंने स्वाध्याय के बल पर सिविल सेवा परीक्षा, 2025 में सफलता प्राप्त की। उनकी माता बबीता पाण्डेय साधारण गृहिणी हैं, वहीं दो बहनें कृति व पूजा के साथ छोटा भाई हर्ष पाण्डेय काफी प्रसन्न और गौरवान्वित हैं।

## जरासंध स्मारक निर्माण से मिला मगध के इतिहास को समुचित सम्मान : डॉ.प्रेम कुमार



**लोक तंत्र की आवाज**

**नवादा।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ.प्रेम कुमार ने कहा है कि जरासंध स्मारक निर्माण से मगध के इतिहास को समुचित सम्मान मिला है। राजगीर में सम्राट जरासंध स्मारक की प्रथम वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें सबके लिए अनुकरणीय बताया। द्वापर युग के सबसे शक्तिशाली, दानवीर और शिव भक्त योद्धा को करार देते हुए डॉ.प्रेम कुमार ने कहा कि पूरे भारत के एकीकरण का माध्यम महाराज जरासंध रहे। बिहार की ऐतिहासिक धरती राजगीर में सम्राट जरासंध स्मारक की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर जरासंध महोत्सव के भव्य आयोजन में अपार भीड़ का संबोधित करते हुए उन्होंने उपस्थितजनों को खूब प्रेरित किया। कला संस्कृति विभाग एवं नालंदा जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ.प्रेम कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने दीप प्रज्जवलित कर महोत्सव का उद्घाटन किया और सम्राट जरासंध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जरासंध धाम प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्याम भारती तथा उपाध्यक्ष सह नवादा के भाजपा नेता व वरीय समाजसेवी मनोज सिंह चंद्रवंशी के संयोजन में भव्य आयोजन हुआ। इनकी देखरेख में समस्त व्यवस्था की गयी थी।

**इतिहास और गौरव का संगम है स्मारक:** सभा को संबोधित करते हुए डॉ.प्रेम कुमार ने कहा कि राजगीर के कण-कण में सम्राट जरासंध का गौरवशाली इतिहास समाहित है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि 2005 के पूर्व 23 हजार करोड़ के बजट वाले बिहार वर्तमान में 3.48 लाख करोड़ तक पहुंच चुका है। पूर्व राज्य आयोग सदस्य प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने राजगीर स्टेडियम का नाम सम्राट जरासंध के नाम पर रखने की मांग उठाई। कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य डॉ.भीम सिंह, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, पूर्व सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, पूर्व एमएलसी रामबली सिंह चंद्रवंशी, डेन्टिस्ट डॉ.धर्मेंद्र कुमार, वरीय भाजपा नेता नित्यानंद सिंह, महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार चंद्रवंशी, रणविजय रोशन, सनोज चंद्रवंशी, सौरभ कुमार, नवीन कुमार मंटू, सत्येन्द्र कुमार, अजय कुमार बिगन, प्रहलाद कुमार, सुनील डीलर, भीम कुमार, मुन्ना सिंह आदि के साथ ही कई स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि जरासंध किसी एक जाति के नहीं, बल्कि संपूर्ण प्रजा के राजा थे। इस महोत्सव ने न केवल ऐतिहासिक यादों को ताजा किया, बल्कि राजगीर के पर्यटन विकास की नई संभावनाओं को भी रेखांकित किया।

## एसएफसी गोदाम में घुसकर की कर्मी एवं मजदूरों से मारपीट

**कौआकोल।** कौआकोल प्रखण्ड मुख्यालय स्थित एसएफसी का गोदाम परिसर सोमवार को देखते ही देखते रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को रोह प्रखण्ड के एक जनवितरण दुकानदार सुजीत कुमार, पिता-सुरेश साव, ग्राम-रोह के द्वारा किसी बात को लेकर एसएफसी के कर्मी एवं मजदूरों के साथ विवाद हो गया। और देखते ही देखते गोदाम परिसर रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। दो दर्जन से अधिक लोगों ने ताबड़तोड़ लाठी डंडे से हमला कर दिया। इस सम्बंध में डाटा इंट्री ऑपरेटर राहुल कुमार ने कौआकोल थाना में लिखित आवेदन देकर बदमाशों को चिन्हित कर कार्रवाई की मांग किया है। थाना में दिये गए आवेदन में ऑपरेटर राहुल कुमार ने आरोप लगाया है कि रंगदारी की मांग को लेकर एक सुनियोजित साजिश के तहत डीलर सुजीत कुमार एवं उनके साथ रहे 8 नामजद समेत 20 से 25 लोगों के द्वारा मजमा बनाकर जानलेवा हमला किया गया।

## पूर्वोत्तर भारत पर विशेष फोकस के साथ नालंदा डेवलपमेंट डायलॉग 2026 का समापन

**लोक तंत्र की आवाज**



**राजगीर।** नालंदा विश्विद्यालय में आयोजित दो दिवसीय नालंदा डेवलपमेंट डायलॉग (एनडीडी) 2026 का सफलतापूर्वक समापन हुआ। सेमिनार के दूसरे दिन की शुरुआत एक विशेष सत्र से हुई, जिसमें पूर्वोत्तर भारत को यूनाइटेड नेशंस सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स के स्थानीयकरण के सफल उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया गया। नार्थईस्टर्न ट्रेनिंग, रिसर्च एंड एडवोकेसी फाउंडेशन (नेत्रा) द्वारा प्रस्तुत विचारों में क्षेत्र की समृद्ध पारिस्थितिकी, सांस्कृतिक विविधता और सामुदायिक कल्याण के संरक्षण के साथ आर्थिक विकास के संतुलन पर जोर दिया गया।इस आखिरी सत्र में सतत आजीविका के लिए कृषि-पर्यावरणीय पद्धतियों, वन-आधारित उद्यमों, इको-टूरिज़्म और स्थानीय मूल्य श्रृंखलाओं को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। साथ ही भौतिक, डिजिटल और सीमा-पार संपर्क को मजबूत कर पूर्वोत्तर क्षेत्र को दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए भारत के प्रवेश द्वार के रूप में विकसित करने की संभावनाओं पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने युवाओं की उद्यमिता, सुशासन में नवाचार और सतत वित्त को 2040 तक एक सशक्त और समृद्ध पूर्वोत्तर के निर्माण का आधार बताया।इस अवसर पर नालंदा विश्विद्यालय और नार्थईस्टर्न ट्रेनिंग, रिसर्च एंड एडवोकेसी फाउंडेशन (नेत्रा) के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए, जिसका उद्देश्य विशेष रूप से पूर्वोत्तर भारत में सतत विकास, पारिस्थितिकी संरक्षण और क्षेत्रीय विकास से जुड़े मुद्दों पर संयुक्त शोध, नीति संवाद और ज्ञान साझेदारी को बढ़ावा देना है।नेत्रा फाउंडेशन की ओर से इस समझौते पर नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ रूरल डेवलपमेंट एंड पंचायती राज के सेवानिवृत्त प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष कनक हालोई, तथा नागालैंड विश्विद्यालय के ग्रामीण विकास एवं नियोजन विभाग के विभागाध्यक्ष एवं प्रोफेसर जयंता चौधरी ने संयुक्त रूप से हस्ताक्षर किए।

समापन सत्र की अध्यक्षता नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों की चर्चाओं ने यह स्पष्ट किया है कि वैश्विक विकास परिदृश्य तेजी से परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने रेखांकित किया कि भविष्य की विकास रणनीतियों में केवल आर्थिक वृद्धि ही नहीं, बल्कि मानव कल्याण, सामाजिक समानता, पर्यावरणीय स्थिरता और मजबूत संस्थानों को केंद्र में रखना आवश्यक है।उन्होंने आगे कहा कि इन चुनौतियों से निपटने के लिए अकादमिक जगत, नीति-निर्माताओं और अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के बीच सहयोग को और सुदृढ़ करना होगा। नालंदा विश्वविद्यालय ऐसे सार्थक संवाद और साझेदारियों को आगे बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में अपनी भूमिका निभाता रहेगा।

## मेसकौर : नवादा के लव-कुश जंगल में मिला युवक का शव, एफएसएल टीम कर रही जांच

**लोक तंत्र की आवाज**



**मेसकौर।** मेसकौर प्रखंड अंतर्गत सीतामढ़ी थाना क्षेत्र के रसलपुर गांव के समीप स्थित लव-कुश जंगल में सोमवार की सुबह एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीण सुबह शौच के लिए जाने के दौरान जंगल के पास एक व्यक्ति को मृत अवस्था में पड़ा देखा, जिसके बाद इसकी सूचना तत्काल सीतामढ़ी थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष पप्पू शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। ग्रामीणों की पहचान के आधार पर मृतक की पहचान मुन्ना यादव (35 वर्ष) के रूप में हुई है, जो गांधीनगर गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। उनके पिता का नाम स्वर्गीय जाहुरी यादव बताया गया है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, मृतक मुन्ना यादव का अपनी पत्नी के साथ अक्सर घरेलू विवाद होता रहता था। बताया जा रहा है कि करीब चार दिन पहले भी पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था, जिसके बाद से वह घर से बाहर थे। सोमवार की सुबह उनका शव लव-कुश जंगल के पास मिलने से कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुए नवादा से एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) की टीम को भी मौके पर बुलाया गया है, जो घटनास्थल की बारीकी से जांच कर रही है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी शुरू कर दी है।

थानाध्यक्ष पप्पू शर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। इधर घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी का माहौल है और ग्रामीणों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही मामले की सच्चाई सामने आ पाएगी।

## नौलखा मंदिर में शुरू हुआ तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव

**लोक तंत्र की आवाज**



**राजगीर।** स्थानीय जैन श्वेताम्बर कोठी स्थित श्री नौलखा मन्दिर जी का 65 वॉ बर्षगाँठ के पावन अवसर पर तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह धार्मिक कार्यक्रम रविवार से मंदिर जी में पूजा -पाठ कर शुरू किया गया। दूसरे दिन सोमवार को सर्वप्रथम स्नात्र पूजा का आयोजन किया गया इसके अलावा अनुकंपा दान एवं शाम में भक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें प्रभु की शानदार अंग रचना भी की गई। कोलकाता से आए संगीतकारों ने अपने भजनों से सबों को नाचने को मजबूर कर दिया। दूसरे दिन राष्ट्रीय जैन संत कमल मुनि कमलेश विद्यालय के बच्चों के बीच कंबल, कॉपी एवं पाठ सामग्री का वितरण किया गया। तीसरे दिन मंगलवार को वावु जीवराज जी, नथमल जी, भीखमचन्द जी, सोहनलाल जी रामपुरिया परिवार कोलकाता वालों की तरफ से अत्यंत ही समारोह पूर्वक पर मनाया जाएगा। तीसरे दिन सर्वप्रथम शोभा यात्रा निकाला जायेगा।जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। इस अवसर पर मन्दिर जी में सत्रहभेदी पूजा पढी जायेगी तथा मन्दिर जी के शिखर पर रामपुरिया परिवार वालों की तरफ से ध्वजा चढाया जायेगा। इस अवसर पर संजय रामपुरिया ने कहा कि हमारे परिवार के द्वारा ध्वजा चढ़ाने का कायमी लाभ लेकर प्रथम बार 1961 में मन्दिर के शिखर पर ध्वजा चढाई गई थी तब से लगातार हमारे परिवार के द्वारा प्रत्येक वर्ष ध्वजा मन्दिर के शिखर पर चढाई जा रही है। इस अवसर पर संस्था के सचिव रंजन कुमार जैन, डौली जैन, संस्था के ट्रस्टी राजकुमार जैन , रणवीर कुमार जैन, भारत भाई मेहता, प्रतीक जैन, अर्चना जैन, नमिता जैन, विमला देवी रामपुरिया,प्रेमचंद रामपुरिया,संजय रामपुरिया,अरूणा रामपुरिया, सुरेश बोथरा,अनवेश कोठारी, अनिता गोलेछा,साहिल जैन, सृष्टि जैन, श्वेताम्बर कोठी के सहायक प्रबंधक ज्ञानेन्द्र पाण्डेय, संस्था के कैशियर संजीव कुमार जैन, निर्जरा ग्रुप कोलकाता की आशा बेन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## नवादा : सात निश्चय-3 के तहत जिले के विभिन्न सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई आयोजित, आमजनों की समस्याओं का हुआ त्वरित निष्पादन

**लोक तंत्र की आवाज**





सुनील कुमार

**नवादा।** बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय ''सबका सम्मान-जीवन आसान (एंरी ङ्कऋछ५ॡऋ)'' का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को अधिक सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इस निश्चय के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया गया है कि आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उक्त उद्देश्य की प्राप्ति हेतु प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई की व्यवस्था लागू की गई है। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई। जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में किया गया। इस जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों द्वारा कुल 09 शिकायतें दर्ज की गईं। कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा कई शिकायतों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को जाँचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया। जनसुनवाई के दौरान थाना-कादिरगंज, ग्राम-आती के सुरेंद्र कुमार द्वारा परिमार्जन प्लस से संबंधित, थाना-सिरदला, ग्राम-अमहडीह की आशा देवी द्वारा जमीनी विवाद के संबंध में, नगर थाना नवादा, ग्राम-गोंदापुर के अशोक कुमार द्वारा पारिवारिक विवाद के संबंध में तथा थाना-रूपौ, ग्राम-शादीपुर की शिला रानी देवी द्वारा मुआवजा से संबंधित आवेदन दिया गया। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा भी विभिन्न प्रकार की शिकायतें प्रस्तुत की गईं। जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग सहित जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जहाँ आमजनों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की गई।

## कौआकोल के मधुरापुर गांव में बदहाल सड़क से ग्रामीण आक्रोशित

**लोक तंत्र की आवाज**



**कौआकोल।** प्रखण्ड के पहाड़पुर पंचायत अंतर्गत मधुरापुर गांव के ग्रामीणों का धैर्य अब जवाब देने लगा है। लगभग 2000 मतदाताओं वाले इस गांव के लोग दशकों से लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते आ रहे हैं और हर चुनाव में बढ़-चढ़कर मतदान करते हैं। लेकिन विडंबना यह है कि वर्षों के मतदान और कई सरकारें बदलने के बाद भी गांव की मुख्य सड़क आज नारकीय स्थिति में तब्दील हो चुकी है। यहां सड़क नहीं,कीचड़ का साम्राज्य स्थापित हो गया है। जिससे गांव की मुख्य सड़क पर वर्तमान में पैदल चलना भी दूभर है। पूरी सड़क कीचड़ से पटी पड़ी है और जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं। स्थिति इतनी भयावह है कि आए दिन यात्रियों से भरे टोटो (ई-रिक्शा) इन गड्ढों में अनियंत्रित होकर पलट रहे हैं,जिससे लोग चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल एक सड़क की समस्या नहीं है,बल्कि पूरे मधुरापुर के ग्रामीणों के स्वाभिमान का अपमान भी है। सड़क पर जमा गंदा पानी और कीचड़ अब सड़ने लगा है,जिससे पूरे इलाके में दुर्गंध फैल रही है। इससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा पैदा हो गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि चुनाव के समय वोट मांगने आने वाले प्रतिनिधि जीत के बाद मधुरापुर गांव की सुध लेना भूल जाते हैं। ग्रामीणों ने एकजुट होकर मांग की है कि जीते हुए प्रतिनिधि और संबंधित विभाग के अधिकारी अविलंब इस समस्या का संज्ञान लें। यदि जल्द ही सड़क की मरम्मत और जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गई, तो ग्रामीण उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### देवबंद कुटी रोड स्थित शीतला मांता मन्दिर मे चैत्र मास की सप्तमी पर बडी सख्या मे श्रद्धालु पहुंचे और प्रसाद चढ़कर मन्नत मांगी





**असद सिद्दीकी (ब्यूरो प्रमुख)**
देवबंद। सोमवार सुबह से ही मांता शीतला के मन्दिर पर प्रसाद चढाने के लिए प्रातः श्रद्धालुओ का तांता लंगा रहा श्रद्धालुओ ने मन्दिर मे मीठे पूडे फल फूल जल आदि चढ़कर मांताओ ने स्वमं मत्था टेका और अपने छोटे बच्चो से शीतला मांता मन्दिर पर मत्था टिक्वाकर का आशीर्वाद लिया और सुख समृद्धी व बच्चो के स्वास्थ्य की मन्नत मांगी मन्दिर मे पूजारी मांता शीतला के निरंजन भगत ने बताया की चैत्र मास के बाद गर्मी का प्रभाव बढने से अनेक प्रकार की बीमारीया फैलती है इन बीमारीया मे चेचक जैसी खतर नाक व बीमारी भी है और पूर्व से बुजुर्ग लोग चेचक खसरा के प्रकोप से अपने बच्चो को बीमारी से बचने के लिए मांता शीतला की पूजा करते आ रहे है और काफी सख्या श्रद्धालुओ ने मन्दिर प्रांगण मे मत्थाटेका और सुख समृद्धी की कामना करते रहे।

### मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक



**करीम खान**
**गोण्डा।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में एंटी रोमियो स्क्वायड टीमों द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान गांवों, कस्बों, शिक्षण संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर चौपाल लगाकर महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव और आत्मरक्षा के उपायों की जानकारी दी गई। इस दौरान महिलाओं से उनकी समस्याएं भी सुनी गईं और संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान के लिए फीडबैक लिया गया। टीमों ने मनचलों को चेतावनी देते हुए महिलाओं को 112, 1090, 1076, 108, 1930 और 1098 जैसे हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर शक्ति वंदन समारोह किया आयोजित

लोकतंत्र की आवाज



**असद सिद्दीकी (ब्यूरो प्रमुख)**
अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर की अग्रणी संस्था साहित्य संगम जन जागृति सामाजिक मंच के सौजन्य से देवबंद एवं छुटमलपुर की अपने-अपने क्षेत्र में शानदार कार्य कर रही महिलाओं को नारी शक्ति वंदन समारोह में मंच द्वारा सम्मानित किया गया कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर महामंडलेश्वर की अध्यक्षता में प्रारंभ किया गया। सम्मानित प्रतिभाओं में महा मंडलेश्वर श्री श्री 1008 साध्वी आशु जी अध्यक्ष कैंसर हॉस्पिटल उषा राठौर मानव अधिकार एवं महिला सुरक्षा संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ छुटमलपुर शाहिस्ता परवीन संपादक इंडिया टुडे, डॉक्टर फोजिया खान नवाज गर्ल्स पब्लिक स्कूल, रीता सिंह समाजसेविका, सविता वर्मा समाजसेवी का छुटमलपुर, कविता सैनी प्रधानाचार्या लिटिल बेबी पब्लिक स्कूल छुटमलपुर, चित्रा गर्ग बबली महिला सुरक्षा संगठन मंडल अध्यक्ष, प्रिया चौहान महिला सुरक्षा संगठन प्रदेश अध्यक्ष, रजनी रामकृष्ण सेवा सदन युमना नवाज गर्ल्स की अध्यापिका को प्रतीक चिन्ह एवं पटका माला पहनकर सम्मानित किया छुटमलपुर से समाजसेवी का राजरानी एवं सविता वर्मा जी को पटक माला पहनकर सम्मानित किया गया पब्लिक स्कूल के अध्यापिका समाजसेविका को सम्मान पटका माला पहनकर सम्मान प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया उपस्थित समस्त महिलाओं को पटका पहनकर सम्मानित किया गया मंडलेश्वर जी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि महिलाओं का सम्मान देवों ने भी किया है अतः महिला देवी स्वरूप होती है उषा राठौर जी ने आज की युग में महिला किस तरीके से और बेहतर विकास कर सकती है अपने विचार रखिए डॉ फौजिया ने युवा पीढ़ी की सोच शिक्षक बदल सकते हैं महिलाएं सशक्त होंगी तो देश सशक्त होगा इंडिया टुडे की संपादक शाहिस्ता खान ने महिला पुरुष दोनों गाड़ी के पहिए होते हैं समाज में दोनों का अपना-अपना महत्व होता है एक दूसरे को समझते हुए जिंदगी को बेहतर बनाया जा सकता है रीता सिंह जी ने मां संतान की प्रथम गुरु होती है बच्चों के साथ स्नेह पूर्वक व्यवहार करते हुए उनको समझना चाहिए मुख्य अतिथि उषा राठौर, सुदेश शर्मा को पटका पहन कर एवं सम्मान प्रतीक भेंट किया गया सभी अतिथियों ने अपने विचार रखें संस्था अध्यक्ष अध्यापिका ममता वर्मा ने आज का युग आधुनिकता का युग है पूर्वजों से मिले हुए संस्कार हमारी धरोहर है सभी रिश्तों और कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए अपने देश के प्रति सदैव वफादार रहना चाहिए एक स्त्री को अपनी सोच के साथ प्रगति के पथ को प्रशस्त करते रहना चाहिए एक बेटी राष्ट्रपति के पद को ईमानदारी पूर्वक सुशोभित कर रही है बेटियों के हौसलै ने पंख लगाकर अंबर तक उड़ने भारी है । सेना में बेटी अपने हौसले दिख रही है आज देश में बेटियों को उन्नति के पूर्ण अवसर मिल रहे हैं अपनी सोच को सकारात्मक रखें और किसी भी नकारात्मकता पर ध्यान न देकर जो कार्य समाज के हित में हो करते रहिए अपनी कविता और रचनाओं के सुंदर विचारों के साथ अपनी स्वरचित रचनाओं के माध्यम से सुंदर मनमोहक सार्थक मंच संचालन किया उषा राठौर छुटमलपुर जी ने ममता वर्मा जी सहित साहित्य संगम मंच की पूरी टीम को सम्मानित किया वही श्री श्री 1008 महा मंडलेश्वर जी द्वारा भी छुटमलपुर एवं साहित्य संगम जन जागृति सामाजिक मंच कैसे पदाधिकारी एवं सदस्यों को सम्मानित किया संस्था को मां महिषासुर मर्दिनी का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया 2019 में यह संस्था अध्यापिका ममता वर्मा जी के द्वारा बनाई गई थी जो निरंतर साहित्य एवं समाज सेवा कार्यों में निस्वार्थ योगदान कर रही है। स्वावलंबी महिलाओं की यह संस्था प्रेरणा स्रोत है अदिति वर्मा, निधि वर्मा, ज्योति वर्मा डॉ शालिनी खुराना, प्रियंका गर्ग, चारु सिंह ,डोली राजूकुमारी शर्मा अध्यापिका मधुलिका प्रधानाचार्य वंदना जैन, श्वेता वर्मा, रेखा शर्मा सहित मंच की समस्त कर्मठ महिलाओं ने अपने विचार रखें ज्योति वर्मा ने एक गीत के माध्यम से आयुर्वेदिक एवं योग पर एक गीत प्रस्तुत किया इस अवसर पर आरती, नीतू पुंडीर ,गीता सिंगल, प्रीति रेनू, सुनीता रामकृष्ण सेवा सदन का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# गोण्डा : अपहरण मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज

**करीम खान**
**गोण्डा।** थाना नवाबगंज पुलिस ने अपहरण के मामले में वांछित एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान आशुतोष पाण्डेय उर्फ झिन्नन निवासी ग्राम पहली थाना नवाबगंज के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर उसे न्यायालय भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार 3 मार्च 2026 को सुशीला यादव निवासी ग्राम पहली ने थाना नवाबगंज में तहरीर देकर बताया था कि 2 मार्च को एक काले रंग की थार गाड़ी से आए व्यक्ति ने उनके पति अंकित कुमार यादव को घर से बुलाया। इसके बाद रास्ते में अकबरपुर चौराहे के पास चार अन्य साथियों के साथ मिलकर उन्हें जबरन गाड़ी में बैठाकर अपहरण कर लिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अपहृत अंकित कुमार यादव को मसकनवा गौशाला तिराहा के पास से सकुशल बरामद कर लिया था। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर दो आरोपियों को 6 मार्च को उमरिया पावर हाउस के पास पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया था। इसी क्रम में आगे की कार्रवाई करते हुए थाना नवाबगंज पुलिस ने सोमवार को मामले के एक और वांछित आरोपी आशुतोष पाण्डेय उर्फ झिन्नन को गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक उमेश सिंह और हेड कांस्टेबल अरुण शंकर की टीम शामिल रही।

# जालसाजी के वांछित आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज

**करीम खान**
**गोण्डा।** थाना नवाबगंज पुलिस ने जालसाजी के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने राम नरेश उर्फ कुल्हू निवासी ग्राम माझाराठ थाना नवाबगंज को उसके गांव से गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि अभियुक्त ने वर्ष 2019 में फर्जी वसीयतनामा तैयार कर मृत महिला की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की थी। जांच में मामला सामने आने के बाद नामांतरण आदेश निरस्त कर दिया गया था। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

# गोण्डा में गैस एजेंसी की मनमानी से उपभोक्ता परेशान, मनमाने रेट पर सिलेंडर की हो रही बिक्री

लोकतंत्र की आवाज



**करीम खान**
**गोण्डा।** जनपद में घरेलू गैस उपभोक्ताओं की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। शाहपुर क्षेत्र स्थित सरैया गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं ने घरेलू गैस सिलेंडर मनमाने दामों पर देने का गंभीर आरोप लगाया है। आरोप है कि एजेंसी द्वारा सरकारी निर्धारित दर से अधिक कीमत वसूल कर उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर दिया जा रहा है, जिससे क्षेत्र के लोगों में भारी नाराज़गी है। स्थानीय उपभोक्ताओं के मुताबिक एजेंसी पर घरेलू गैस सिलेंडर 1200 से 1300 रुपये तक में दिया जा रहा है, जबकि सरकारी दर इससे काफी कम बताई जा रही है। लोगों का कहना है कि एजेंसी संचालक और कर्मचारियों द्वारा खुलेआम अधिक पैसे लिए जा रहे हैं और इसका विरोध करने पर उपभोक्ताओं को टालमटोल जवाब दिया जाता है। मामले को लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में कथित तौर पर एजेंसी से जुड़े लोग पूरे मामले को ''मैनेज'' करने की बात करते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है और उपभोक्ताओं में एजेंसी के खिलाफ आक्रोश बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर गैस सिलेंडर की कीमत सरकार द्वारा तय है तो एजेंसी किस आधार पर अतिरिक्त पैसे वसूल रही है। उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि एजेंसी की मनमानी के कारण आम लोगों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो उपभोक्ताओं का शोषण इसी तरह जारी रहेगा। वहीं इस पूरे मामले को लेकर संबंधित अधिकारियों की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं कि आखिर लंबे समय से चल रही इस कथित मनमानी पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की गई। फिलहाल क्षेत्र के उपभोक्ता प्रशासन की ओर से सख्त कदम उठाए जाने का इंतजार कर रहे हैं।

# 14 को आयोजित होने वाली लोक अदालत को सफल बनाने हेतु अपर न्यायाधीश सतीश चंद्र द्विवेदी ने न्यायिक अधिकारियो के साथ समीक्षा बैठक कर निर्देश दिए

लोकतंत्र की आवाज



**उरई जालौन।** उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 14 मार्च 2026 को आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित किये जाने हेतु आज विद्वान जनपद न्यायाधीश विरजेन्द्र कुमार सिंह के कुशल-मार्गदर्शन में नोडल अधिकारी/अपर जिला न्यायाधीश सतीश चन्द्र द्विवेदी की अध्यक्षता में जिला दीवानी न्यायालय सभागार में समस्त न्यायिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। इसमें उपस्थित न्यायिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस सम्बन्ध में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शम्भवी-।, द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार समीक्षा बैठक में विगत दिवस नोडल अधिकारी/अपर जिला न्यायाधीश श्री सतीश चन्द्र द्विवेदी ने उपस्थित सभी न्यायिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो मामले नेशनल ज्यूडिशियल डाटा ग्रिड (एनजेडीजी०) पर दर्ज है, मात्र वहीं मामले इस लोकअदालत में निस्तारित किये जायेंगे। ऐसी स्थिति में सभी अधिकारी उनके न्यायालयों में विचाराधीन मामलों में से ऐसे मामलों को तत्काल चिन्हित करके सम्बन्धित पक्षकारों को अविलम्ब सूचित करें, ताकि न्यायालय से प्रेषित नोटिस/सम्मन की तामीला समय पर हो सके और अधिक से अधिक वादकारीगण राष्ट्रीय लोकअदालत में सहभागिता कर सके। उन्होंने कहा कि प्रायः ऐसा देखने में आता है कि या तो न्यायालय से सम्मन/ नोटिस विलम्ब से प्रेषित किये जाते है अथवा उनकी तामीला समय से नहीं हो पाती। इस कारण प्रेषित किये गये सम्मन/नोटिस के सापेक्ष वादकारियों की उपस्थिति न्यायालय में बहुत कम हो पाती है। इसका प्रभाव निस्तारित मामलों की संख्या पर पड़ता है। इसलिये सभी न्यायिक अधिकारी इस तथ्य का संज्ञान लेते हुये इसे अपने स्तर पर मॉनीटर करें। इसलिये सभी न्यायिक अधिकारी अधिकाधिक मामलों के निस्तारण पर ध्यान केन्द्रित करें। उन्होंने सभी न्यायिक अधिकारियों से कहा कि वे वादकारियों को सुलह-समझौते के लिये प्रेरित करें और अधिक से अधिक प्रकरणों का निस्तारण करें। बैठक में अपर प्रधान न्यायाधीश प्रवीण कुमार पाण्डेय, अपर जिला जज/विशेष न्यायाधीश डॉ० अवनीश कुमार, अपर जिला जज श्रीमती पारूल पंवार, भारतेन्द्र सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिषेक खरे, सिविल जज सी०डि० श्रीमती मनाली चन्द्रा, सिविल जज जू०डि० /न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रत्यूश प्रकाश, अपर सिविल जज जू०डि० श्रीमती अंकिता सिंह, सिविल जज जू०डि० अनुरूद्ध सिंह, एवं विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम सैयद अली मेहदी आबिदी उपस्थित रहे।

# पेय जल और विद्युत व्यवस्था सुद्रण बनाने हेतू जिलाधिकारी, ने समीक्षा बैठक कर दिए निर्देश

लोकतंत्र की आवाज



**उरई जालौन ।** जनपद में पेयजल और विद्युत व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में जलापूर्ति, विद्युत आपूर्ति, वाटर कूलर, ट्यूबवेल, हैडपम्प, सफाई व्यवस्था तथा नहरों के संचालन की स्थिति की विस्तृत समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए जिले में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे को निर्देशित किया कि जहां कहीं भी पानी की शिकायत प्राप्त हो, वहां तत्काल टीम गठित कर मौके पर जांच कराई जाए और समस्या का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता को पेयजल के लिए किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जनपद के सभी सरकारी संस्थानों, कार्यालयों तथा सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए वाटर कूलरों की नियमित जांच की जाए। उन्होंने कहा कि सभी वाटर कूलर क्रियाशील अवस्था में रहने चाहिए ताकि आम लोगों को शुद्ध और ठंडा पेयजल उपलब्ध हो सके। यदि किसी स्थान पर वाटर कूलर खराब पाया जाता है तो उसे तत्काल ठीक कराया जाए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में स्थापित किसी भी ट्यूबवेल को खराब स्थिति में नहीं रहने दिया जाए। यदि कहीं कोई ट्यूबवेल खराब है तो उसे प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत कराकर चालू कराया जाए, जिससे पानी की आपूर्ति लगातार बनी रहे और ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में पेयजल संकट उत्पन्न न हो।जिलाधिकारी ने कहा कि बिजली आपूर्ति किसी भी स्थिति में बाधित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि बिजली की उपलब्धता हर समय सुनिश्चित की जाए तथा ट्रांसफार्मरों को खुले में न रखा जाए। ट्रांसफार्मरों की सुरक्षा और नियमित जांच भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने नगर निकायों और ग्राम पंचायतों में पेयजल व्यवस्था को लेकर भी विशेष निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी निकायों और पंचायतों में पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। यदि किसी क्षेत्र में पानी की आपूर्ति किसी कारणवश बाधित हो जाती है तो जब तक समस्या का स्थायी समाधान न हो जाए, तब तक वहां टैंकर के माध्यम से पानी की आपूर्ति कराई जाए ताकि लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि पेयजल आपूर्ति से संबंधित व्यवस्थाओं और कार्यों की जानकारी प्रचार प्रसार कराया जाए ताकि आम जनता को भी जानकारी मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# रोज़ा इफ्तार और होली मिलन ने रची एकता की नई इबारत

लोकतंत्र की आवाज

**असद सिद्दीकी (ब्यूरो प्रमुख)**
देवबंद सहारनपुर के गांव चौबारा में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के ''आओ जड़ों से जुड़ें'' अभियान के अंतर्गत आयोजित भव्य 'रोज़ा इफ्तार एवं होली मिलन' समारोह ने भारतीय संस्कृति, सामाजिक समरसता और गंगा-जमुनी तहज़ीब की एक प्रेरणादायक मिसाल पेश की। इस ऐतिहासिक आयोजन में विभिन्न धर्मों, समुदायों और वर्गों के सैकड़ों लोगों ने एक साथ उपस्थित होकर भाईचारे, प्रेम और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने एक साथ बैठकर रोज़ा इफ्तार किया, इसके बाद पुष्प वर्षा के साथ फूलों की होली खेली और एक-दूसरे को गले लगाकर आपसी सद्भाव और सामाजिक एकता का संदेश दिया। यह दृश्य भारतीय संस्कृति की उस महान परंपरा को दर्शा रहा था जिसमें विभिन्न आस्थाओं के लोग मिलकर त्योहारों को उत्सव के रूप में मनाते हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आदरणीय श्री तुषारकांत जी की गरिमामयी उपस्थिति रही, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में राव मुशर्रफ अली पुंडीर कार्यक्रम में शामिल हुए। अपने संबोधन में दोनों अतिथियों ने कहा कि भारत की असली ताकत उसकी विविधता में एकता और गंगा-जमुनी तहज़ीब में निहित है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में प्रेम, भाईचारे और आपसी विश्वास को मजबूत करते हैं तथा लोगों को अपनी जड़ों, अपनी संस्कृति और अपनी साझा विरासत से जोड़ने का कार्य करते हैं। मुख्य अतिथि श्री तुषारकांत जी ने कहा कि आज के समय में जब समाज को एकता और सकारात्मक संदेश की आवश्यकता है, तब इस प्रकार के आयोजन लोगों के दिलों को जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत सदियों से



सहिष्णुता, भाईचारे और सांस्कृतिक समन्वय का देश रहा है और यही हमारी सबसे बड़ी पहचान है। इस भव्य कार्यक्रम का सफल संयोजन राव शहबाज़ पुंडीर द्वारा किया गया। उनके नेतृत्व और अथक प्रयासों से यह आयोजन अत्यंत भव्य, अनुकरणीय और यादगार बन सका। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों और विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया। कार्यक्रम का सबसे विशेष और भावुक क्षण उस समय देखने को मिला जब लगभग 300 वर्षों से बिछड़े हुए सनातनी और मुस्लिम समाज के लोग एक साथ बैठे और रोज़ा इफ्तार किया। इसके बाद सभी ने पुष्प वर्षा के साथ फूलों की होली खेली और एक-दूसरे को गले लगाकर प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। यह दृश्य भारत की महान सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक समरसता का जीवंत उदाहरण बन गया। समारोह में उपस्थित लोगों ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और यह संदेश देते हैं कि भारत की असली पहचान उसकी साझा संस्कृति, पारस्परिक सम्मान और भाईचारे की भावना में है। कार्यक्रम के माध्यम से यह भी स्पष्ट हुआ कि जब समाज के लोग अपने मतभेदों से ऊपर उठकर एकता और सद्भाव के साथ आगे बढ़ते हैं तो राष्ट्र की नींव और अधिक मजबूत होती है। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता और भारतीय संस्कृति की महान परंपरा को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक पहल के रूप में देखा जा रहा है।कार्यक्रम में मुजफ्फराबाद के ब्लॉक प्रमुख श्री योगेंद्र राणा जी, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मुजफ्फरनगर विभाग संयोजक गुलजार पुंडीर जी,मोहसिन राव गुलशन,उस्मान अली,बसंत राणा, ठाकुर शुभम पुंडीर ,राव शराफत, मुस्तफा पुंडीर, आशीष राणा, मौहम्मद आदिल, इस्तखार अहमद शिवचरण राणा, इकराम अली ,हाजी गुलफाम, हाजी साबिर, महबूब आलम, राव तसव्वर , रोहन राणा, सागर पुंडीर, सनावर अली सहित भारी तादाद में लोग मौजूद रहे।

# लखनऊ : जनगणना के दौरान रहें बेहद सतर्क, गलत जानकारी देने या सहयोग से इनकार पर हो सकती है सजा

लोक तंत्र की अवाज़



**रत्ना**
**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में जनगणना-2027 की प्रक्रिया मई से शुरू होने जा रही है। पहली बार डिजिटल जनगणना में लोगों को स्वयं अपनी जानकारी आनलाइन दर्ज करने का मौका भी मिलेगा। इसके साथ ही एक सख्त नियम भी है जनगणना में गलत जानकारी देना या सवालों का जवाब देने से इन्कार करना दंडनीय अपराध है। जनगणना में सरकारी कर्मचारी अगर अपनी ड्यूटी में लापरवाही करते हैं, तो उनके खिलाफ भी सजा का प्रावधान है।ऐसे मामलों में एक हजार रुपये तक का जुर्माना और कुछ परिस्थितियों में तीन साल तक की जेल तक हो सकती है। इसी कारण अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे जनगणना में पूरी ईमानदारी से सही जानकारी दें, क्योंकि यही आंकड़े आगे चलकर सरकारी योजनाओं और विकास की दिशा तय करते हैं।

## संक्षिप्त खबरें ।

### विक्रमशिला महोत्सव स्थल पर पंडाल निर्माण कार्य जारी



लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती, कहलगांव। कहलगांव प्रखंड के विक्रमशिला महोत्सव हेतू पंडाल निर्माण का कार्य तीव्र गती से चल रहा है। 13 से 15 मार्च तक चलने वाला महोत्सव में इस वार दंगल कार्यक्रम भी जोड़ा गया है। दंगल के लिए मंच निर्माण हेतू फसल की कटाई लगातार जारी है। भव्यतापूर्वक महोत्सव हो लगातार प्रशासन की पैनी नजर बनी हुई है। जगह जगह त्वरण द्वार से सजाते जा रहे है तथा बैनर लगाए जा रहा है। प्रशासन मौके पर पहुंच कर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर रहे हैं। वहीं उद्घाटन समारोह में विधायक व गायिका मैथिली ठाकुर ने आने की सहमती प्रदान की है। मौके पर सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री मनीष कुमार नगर पंचायत के अध्यक्ष श्री संजीव कुमार डॉक्टर प्रवीण कुमार राणा, पवन कुमार भारती, मुखिया ललीता देवी थाना के ए एस आई श्री परमानंद कुमार नगर पंचायत सफाई सुपरवाइजर वासुदेव रविदास स्वच्छता प्रबंधन राहुल कुमार पप्पू कुमारआदि ने कार्यक्रम को चार-चांद लगाने हेतू कार्यक्रम स्थल पर डटे हुए है।

### उपायुक्त हेमंत सती ने किया EVM वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण



लोक तंत्र की आवाज

साहिबगंज। जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती ने सोमवार को समहरणालय स्थित EVM वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस में रखे इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (EVM) और वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा एवं प्रबंधन का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने वेयरहाउस में सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से मूल्यांकन किया और सभी आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उनकी सुरक्षा और रखरखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त ने वेयरहाउस में फायर सेफ्टी उपकरणों की उपलब्धता और सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच की। साथ ही, उन्होंने कर्मियों को नियमित अंतराल पर प्रशिक्षण प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया के लिए EVM की सुरक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए। मौके पर अपर समाहर्ता गौतम भगत, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### रामगढ़ में नहीं थम रही विद्यालयों में चोरी की वारदातः रविवार की रात एक बार फिर विद्यालय में चोरी



लोक तंत्र की आवाज

रामगढ़ (दुमका)। रामगढ़ प्रखंड में विभिन्न विद्यालयों मे रही चोरी की घटना थमती नहीं दिख रही | सोमवार को चोरी की चौंकाने वाली घटना सामने आई है। चोरों के द्वारा लगातार सरकारी विद्यालय को निशाना बनाया जा रहा है। किसी विद्यालय में आईसीटी उपकरण की चोरी तो किसी विद्यालय में खेल सामग्रियों की चोरी पूर्व में हो चुकी है। उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कमरबंद चांदपुर रामगढ़ में बीती रात अज्ञात चोरों ने ऑफिस का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विपुल सेन ने बताया कि जब वे 9 मार्च दिन सोमवार को विद्यालय पहुंचे तो उन्होंने देखा कि विद्यालय का ताला टूटा हुआ था। उनके द्वारा गहन जांच की गई तो पता चला कि एक बोरा चावल, कुछ कुर्सियां, दीवाल घड़ी तथा बच्चों की कुछ खेल सामग्रियों की चोरी कर ली गई है। प्रधानाध्यापक ने जानकारी दी कि इससे पूर्व भी तीन से चार बार अज्ञात चोरों के द्वारा विद्यालय में चोरी की घटना को अंजाम दिया जा चुका है। उन्होंने बताया कि पूर्व में हुई चोरी की घटना के बाद उन्होंने रामगढ़ थाना में मामले से संबंधित सनहा दर्ज कर दिया था। खबर लिखे जाने तक मामले से संबंधित सूचना थाना को नहीं दी गई थी।

# पूसा में दो दिवसीय क्लस्टर स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू, युवाओं में दिखा उत्साह



**लोकतंत्र की आवाज**

**रामजी कुमार**

**समस्तीपुर।** पूसा प्रखंड मुख्यालय के समीप स्थित खेल मैदान में सोमवार को मेरा युवा भारत (माय भारत), युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में दो दिवसीय क्लस्टर स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन जय जवान जय किसान युवा क्लब, हरपुर पूसा द्वारा क्लब अध्यक्ष रौशन कुमार के नेतृत्व में किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि माय भारत की राज्य उपनिदेशक सुश्री दीक्षा मिश्रा सहित अन्य अतिथियों ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों को आयोजकों की ओर से शॉल, माला और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि सुश्री दीक्षा मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि खेलकूद से युवाओं का शारीरिक और मानसिक विकास होता है। उन्होंने युवाओं से नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेने का आह्वान किया। वहीं विशिष्ट अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान से जुड़े प्रियरंजन कुमार ने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से समाज में सौहार्दपूर्ण माहौल का निर्माण होता है और युवाओं को सकारात्मक दिशा मिलती है।

इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रवीश कुमार रवि, अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. राकेश कुमार, दक्षिणी हरपुर पंचायत के सरपंच संजय शाह तथा अस्पताल प्रबंधक राज्यपाल कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से आए युवा एवं युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के तहत दौड़, कबड्डी, वॉलीबॉल, लंबी कूद, ऊंची कूद तथा गोला फेंक जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में सत्येंद्र राय, दिनेश राय, सुमन कुमार, फिजिकल टीचर सूरज कुमार, ओम कुमार, क्लब के सचिव नीरज कुमार, रविंद्र सिंह, राजाराम सिंह, अखिलेश सिंह, विवेक कुमार, विमलेश कुमार, मोनू कुमार, नयन कुमार, अजय कुमार, राजीव कुमार, शिवम कुमार, रवि रंजन कुमार और सनम कुमार सहित कई युवाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में युवाओं की भागीदारी से खेल मैदान में उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला।

## सीएम की 'समृद्धि यात्रा' में लापरवाही पड़ी भारीः सुपौल बीडीओ कृष्णा कुमारी को डीएम ने पद से हटाया



**लोकतंत्र की आवाज**

**सुपौल।** मुख्यमंत्री के प्रस्तावित 'समृद्धि यात्रा' कार्यक्रम की तैयारियों में लापरवाही बरतने के आरोप में सुपौल की प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) कृष्णा कुमारी को उनके पद से हटा दिया गया है। इस संबंध में जिलाधिकारी सावन कुमार ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार कृष्णा कुमारी को तत्काल प्रभाव से सुपौल बीडीओ के कार्य दायित्व से मुक्त करते हुए जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) सुपौल में प्रतिनियुक्त किया गया है। वहीं छातापुर प्रखंड के ग्रामीण विकास पदाधिकारी प्रवीण कुमार रजक को सुपौल प्रखंड के बीडीओ का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

**10 मार्च को 'समृद्धि यात्रा' पर रहेंगे सीएम :** मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार पटना से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री का 10 मार्च 2026 को सुपौल जिले में भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित है। इस 'समृद्धि यात्रा' को लेकर जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को व्हाट्सएप के माध्यम से मुख्यालय में उपस्थित रहकर संबंधित कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया था।

**बिना सूचना मुख्यालय से मिली अनुपस्थितः** जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश में बताया गया है कि 8 मार्च को एक आवश्यक कार्य के लिए सुपौल बीडीओ कृष्णा कुमारी की तलाश की गई, लेकिन वह बिना किसी पूर्व सूचना के मुख्यालय से अनुपस्थित पाई गईं। प्रशासन का मानना है कि उनकी अनुपस्थिति से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से जुड़े कार्यों में बाधा उत्पन्न हुई।

**कार्यों में नहीं ले रही थीं रुचिः** डीएम ने अपने आदेश में यह भी उल्लेख किया है कि बीडीओ कृष्णा कुमारी 'समृद्धि यात्रा' से संबंधित कार्यों में अपेक्षित रुचि नहीं ले रही थीं, जिससे कार्यक्रम की तैयारियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका थी। कार्य की गंभीरता को देखते हुए यह प्रशासनिक कार्रवाई की गई है।

## पीरपैंती थाना अध्यक्ष नीरज कुमार का बिदाई सह सम्मान समारोह सम्पन्न




लोकतन्त्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**

**पीरपैंती।** पीरपैंती थाना अध्यक्ष नीरज कुमार का विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विदाई समारोह में कई जनप्रतिनिधि ,मुखिया ,पंचायत समिति सदस्य सहित समाज के सभी वर्गों के लिए उपस्थित थे ।सभी लोगों ने अपने उद्गार में नीरज कुमार के द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख किया। उनके कुशल नेतृत्व में पीरपैंती थाना क्षेत्र में अपराधियों पर नियंत्रण, शराब की बरामदी और कई कांडों का उद्भेदन भी हुआ। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख रश्मि कुमारी, मानिकपुर मुखिया अरविंद साह,गुंजन कुमार, झुंपा सिंह ,मोहम्मद कबलेन,शिवानंद कुंवर ,वरुण गोस्वामी, पंकज सिंह, कुंदन साह मोहम्मद सुल्तान ,मोहम्मद जिमी मोहम्मद मिनहाज, मो जानिसार असलम,मनोज शास्त्री, पप्पू कुमार , अशोक सम्राट, चुन्नू सिंह, रमेश रमन, मुखिया कुंदन यादव , और संजीवनी गंगा के सभी सदस्य उपस्थित थे। मंच संचालन मोहम्मद आयाज ने किया।

## पीरपैंतीः 77 वा संतमत सत्संग का भव्य समापन

**लोकतन्त्र की आवाज**



**केदार नाथ पाण्डेय**

**पीरपैंती।,कहलगांव।** भागलपुर जिला संतमत सत्संग का 77वां वार्षिक अधिवेशन आज कहलगांव स्थित शारदा पाठशाला में भव्यतापूर्वक समाप्ति हुई। इस अवसर पर परमाराध्य अनन्त श्रीविभूषित संत सद् गुरु महर्षि मेंहीं परमहंस जी महाराज के हृदयस्वप तपोनिष्ट शिष्य ब्रह्मलीन महर्षि संत शाही स्वामी जी महाराज के परमस्नेही संतमत के प्रधान आचार्य परमपूज्य महर्षि चतुरानन्द जी महाराज ने माता शबरी की भक्ति पर प्रकाश डालते हुए भक्त जनों को संदेश दिया कि संतों का झूठा खाने से पिछड़ी जोनी से छुटकारा मिलता है।

संतों के शरण में आने से मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। जैसे उपदेश से भक्तजन भक्तिमय हो गए एवं अन्य साधु महात्माओं में प्रेमानंद बाबा अनुभानंद बाबा प्रेस आनंद बाबा स्वामी रामानंद शास्त्री नित्यानंद अनुपम बाबा एवं वेदानंद बाबा के साथ दर्जनों महात्माओं के द्वारा भजन कीर्तन स्तुति प्रार्थना सद्ग्रन्थ पाठ एवं प्रवचन की प्रस्तुति की गयी। उपस्थित हजारों की संख्या में श्रद्धालुओ ने भक्ति का आनंद उठाया। समय समय पर श्रद्धालुओं ने श्री सदगुरु महाराज की जय का नारा गुंजायमान कर रहे थे।

कार्यक्रम में कहलगांव विधायक इंजीनियर शुभानंद मुकेश, डॉ० राजेन्द्र महतो, पंचायत अध्यक्ष श्री संजीव कुमार, पूर्व विधायक पवन यादव, डॉ० प्रवीण कुमार राणा, प्रोफेसर राघवेंद्र नारायण आर्य, अरूण कुमार यादव, दयानंद साह, डॉ० रामजी पासवान, दयानंद साह, पवन भारती, संजय कुमार सिंह, अंजन कुमार, सुरेश पासवान, सत्यनारायण यादव, डॉ० विजय, जितेन्द्र मंडल, अर्जुन मंडल, प्रकाश महलदार प्रांतीय स्तर एवं जिला स्तर के संतमत सत्संग के सभी पदाधिकारी गण के अलावे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भक्ति का आनंद उठाया।

## नवगछिया : सुजीत कुमार सिंह बने साईंनाथ सेवा समिति के उपाध्यक्ष

**लोकतंत्र की आवाज**



**मोहम्मद सबरार आलम**

**बिहपुर/नवगछिया।** नवगछिया के रंगरा प्रखंड मदरौनी निवासी युवा समाजसेवी सुजीत कुमार सिंह को श्री सद्गुरु साईंनाथ सेवा समिति, नवगछिया का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। समिति के कार्यकारी अध्यक्ष शुभम यादव ने साईंनगर सहौरा स्थित कार्यालय में उनके जनसेवा एवं मानव कल्याण के प्रति समर्पण और सक्रियता को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी।

इस अवसर पर शुभम यादव ने सुजीत कुमार सिंह के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें संस्था की ओर से "साईं कृपा" पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया। वहीं सुजीत कुमार सिंह ने इस जिम्मेदारी के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संस्था द्वारा दिए गए दायित्व का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे तथा शिर्डी साईंनाथ के विचारों और संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य करेंगे।

उन्होंने कहा कि नवगछिया अनुमंडल क्षेत्र में नवनिर्मित श्री शिर्डी साईंनाथ दरबार अत्यंत आकर्षक और आस्था का केंद्र बनता जा रहा है। मंदिर में साईंनाथ की प्रतिमा स्थापना एवं सौंदर्यीकरण का कार्य अभी शेष है, जिसके लिए उन्होंने क्षेत्रवासियों से सहयोग की अपील की।

## संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा, विजेताओं को मेडल व पुरस्कार से किया गया सम्मानित

**लोकतंत्र की आवाज**



**रामजी कुमार**

**पूसा/समस्तीपुर।** संकुल संसाधन केंद्र उच्च माध्यमिक विद्यालय, विशनपुर बथुआ (पूसा) में सोमवार को संकुल स्तरीय पेंटिंग, क्विज एवं गणित ओलंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता प्रखंड स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए छात्रों के चयन हेतु आयोजित की गई।

कार्यक्रम का आयोजन संकुल समन्वयक बिंदेश्वर साह की अध्यक्षता में किया गया। प्रतियोगिता में संकुलाधीन चार प्राथमिक विद्यालय एवं तीन मध्य विद्यालयों के विद्यालय स्तर पर चयनित कुल 26 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में वर्ग 3 से 5 तथा वर्ग 6 से 8 के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के समापन के बाद शिक्षकों की उपस्थिति में परिणाम घोषित किए गए। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर तथा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जबकि अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में विनीत कुमार, आयुष कुमार, प्रीति रानी, राजनंदिनी, अमरजीत कुमार मिश्रा तथा अनुभव कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर शिक्षक कृष्ण मुरारी शर्मा, मंटू कुमार सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि चयनित छात्र प्रखंड स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में संकुल का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## सामग्री मद के 12 हजार रुपये नहीं देने पर शिक्षा सेवक को प्रताड़ित करने का आरोप

**लोकतंत्र की आवाज**



- **साक्षरता डीपीओ पर धमकी और मानसिक उत्पीड़न का आरोप, जिला प्रशासन से जांच की मांग**

**सुपौल।** सुपौल जिले में शिक्षा विभाग से जुड़ा एक मामला सामने आया है, जिसमें एक तालीमी मरकज शिक्षा सेवक ने साक्षरता डीपीओ प्रवीण कुमार पर मानसिक प्रताड़ना और धमकी देने का आरोप लगाया है। शिक्षा सेवक का आरोप है कि सामग्री मद के 12 हजार रुपये नहीं देने के कारण साक्षरता डीपीओ प्रवीण कुमार उनसे नाराज हो गए और इसके बाद से लगातार उन्हें परेशान किया जा रहा है।

आरोप के अनुसार डीपीओ द्वारा कई शिक्षा सेवकों से 12 हजार रुपये लेकर केवल दो से तीन हजार रुपये का सामान दिया गया। जब एक शिक्षा सेवक ने इसका विरोध किया तो डीपीओ उनके खिलाफ कार्रवाई की धमकी देने लगे। बताया गया कि शिक्षा सेवकों के एक व्हाट्सएप ग्रुप में वर्ष 2023 में हुई मानदेय वृद्धि को लेकर मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करने के संबंध में चर्चा हो रही थी। इसी दौरान एक शिक्षा सेवक ने अपनी राय रखते हुए लिखा कि वे कार्यक्रम में काली पट्टी बांधकर अपनी मांग रखेंगे। इस पर डीपीओ प्रवीण कुमार नाराज हो गए और फोन कर कथित रूप से घर से उठवा लेने तथा एफआईआर दर्ज कराने की धमकी दी। शिक्षा सेवक का कहना है कि रात भर एसएचओ और एसडीपीओ के माध्यम से फोन करवाकर उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया और थाने में बुलाने की धमकी भी दी गई। उनका कहना है कि उन्होंने ऐसा कोई संदेश नहीं लिखा जिससे कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो। पीड़ित शिक्षा सेवक ने जिला प्रशासन को आवेदन देकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और न्याय दिलाने की मांग की है। साथ ही उन्होंने यह भी मांग की है कि जिले में शिक्षा सेवकों को उपलब्ध कराई गई सामग्री की जांच कराई जाए।

## कोयला के अवैध कारोबार पर ईसीएल एवं नाला पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो कुंआ नुमा खदानो को किया ध्वस्त

**लोक तंत्र की आवाज**



**नाला(जामताड़ा)।** नाला थाना क्षेत्र में कोयला के अवैध उत्खनन व परिवहन पर बड़ी कार्रवाई की गई है| ईसीएल के पदाधिकारी एवं नाला थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र में संचालित दो अवैध कोयला खदानों को डोजरिंग कर ध्वस्त कर दिया|

छापामारी की खबर मिलते ही नाला प्रखंड क्षेत्र में कोयला माफियाओं में हड़कंप मच गया। कोयला के अवैध खनन व परिवहन को लेकर जामताड़ा पुलिस प्रशासन सख्त हो गया है, पुलिस अब अवैध कारोबारियों पर सिकंजा कसने की तैयारी में है|

इस बाबत नाला थाना क्षेत्र अंतर्गत ईसीएल के बंद पड़े कोयला खदानों में निगरानी-छापेमारी लगातार जारी है। बताते चलें कि नाला थाना क्षेत्र के कास्ता और पलासथली इलाके में संचालित दो कुंआ नुमा अवैध खदानों को डोजरिंग कर मुहाने को बंद किया गया है। सोमवार को ईसीएल के अधिकारी एवं नाला पुलिस के संयुक्त कार्रवाई में सुबह से ही जेसीबी मशीन के माध्यम से डोजरिंग शुरू किया गया।

उल्लेखनीय है कि ईसीएल द्वारा उत्खनन कार्य बंद करने के बाद वर्षों तक यह इलाका लावारिस हालत में पड़ा रहा। इस वजह से मौका मिलते ही पेशेवर लोग उत्खनन कार्य में जुट गए। देखते ही देखते कुछ ही सालों में कुंआ नुमा सैकड़ों खदान बनकर तैयार हो गया। चूंकि समय समय पर मुहाने को बन्द करने का मुहिम चलाया गया है लेकिन पलास्थली, कास्ता, आदि इलाकों में बनाए गए सभी अवैध खदानों को मिट्टी से भरा जाता है| मौके पर ईसीएल के पदाधिकारी, नाला थाना प्रभारी राजीव कुमार, पुलिस निरीक्षक और पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी मनोज कुमार महतो अन्य पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल मौजुद थे|

## संक्षिप्त खबरें ।

### मोतिहारी: हरसिद्धि के लाल रवि कुमार को डीएम व एसपी ने किया सम्मानित



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी पूर्वी चम्पारण।** हरसिद्धि, पानापुर रंजीता पंचायत के निवासी शिक्षक सज्जन यादव के पुत्र रवि कुमार यादव ने अंतराष्ट्रीय तलवारबाजी प्रतियोगिता में प्रखंड समेत जिला, राज्य व देश का नाम रौशन किया है। उन्होंने वर्ष 2025 में तलवारबाजी (फेंसिंग) खेल के कैडेट वर्ल्ड चैंपियनशिप व कैडेट एशियन चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया। इसको लेकर डीएम सौरभ जोरवाल व एसपी स्वर्ण प्रभात ने संयुक्त रूप से खेल भवन, मोतिहारी में सम्मानित किया। खिलाड़ी रवि ने स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा मणिपुर की राजधानी इम्फाल में 29 जनवरी से 03 फरवरी तक आयोजित 69वीं राष्ट्रीय विद्यालय अंडर-19 तलवारबाजी खेल प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल किया है। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर अबतक चार पदक हासिल किया है। इस मौके पर नगर आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी सदर मोतिहारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी एवं खेल संघ के पदाधिकारी एवं खिलाड़ी उपस्थित थे। उपस्थित पदाधिकारियों ने खिलाड़ी के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

### मोतिहारी: वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस पर गोली चलाकर स्कार्पियो गाड़ी से भागे अपराधी, पुलिस नाकाबंदी कर गाड़ी को पकड़ा



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी पूर्वी चंपारण।** अपराधियों ने किया दुस्साहस.....वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस पर गोली चलाकर चार चक्का (स्कार्पियो) गाड़ी से भागे अपराधी। इस दौरान पुलिस को अपराधियों ने गाड़ी से कुचलने का भी किया प्रयास। इस दौरान पुलिस ने आत्मरक्षार्थ हेतू 1 राउंड हवाई फायरिंग भी किया.....वहीं छतौनी पुलिस ने नाकेबंदी कर पकड़ने का किया था रात को प्रयास। वहीं भागने के दौरान अपराधियों के गाड़ी से कुत्ता को कुचल दिया और भाग निकले.....पुलिस दबीस से कोटवा मे गाड़ी छोड़कर भागे है अपराधी। इस मामले में छतौनी थाना में अपराधियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर अपराधियों के शिनाख्त के लिए सीसीटीवी को खंगाल रही है पुलिस. वहीं पुलिस ने बताया कि गाड़ी से भाग रहे युवकों में एक को लगी है गोली....गंभीर स्थिति में मोतिहारी के चिकित्सक ने जख्मी युवक को पटना रेफर कर दिया है।

### सीओ व आरओ के हड़ताल पर जाने से आवेदक परेशान



**संवाददाता मेराज आलम**

गौनाहा प्रखंड कार्यालय में कार्यरत अंचलाधिकारी और राजस्व पदाधिकारी के हड़ताल पर चले जाने से आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जमीन से जुड़े विभिन्न कार्य जैसे दाखिल-खारिज, परिमार्जन, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र सहित कई जरूरी कार्य प्रभावित हो गए हैं। जानकारी के अनुसार अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सीओ और आरओ ने सामूहिक रूप से हड़ताल शुरू कर दी है। इसके कारण प्रखंड कार्यालय में राजस्व से संबंधित अधिकांश कामकाज ठप पड़ गया है। दूर-दराज के गांवों से आने वाले लोग कार्यालय पहुंचकर घंटों इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण उन्हें मायूस होकर वापस लौटना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई जरूरी काम पहले से ही लंबित पड़े हैं और हड़ताल के कारण उनकी परेशानी और बढ़ गई है। खासकर जमीन से जुड़े मामलों में लोगों को अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी ऋषभदेव प्रसाद ने बताया कि सीओ और आरओ के हड़ताल पर जाने से लोगों को परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही सीओ और आरओ का प्रभार मिल जाने के बाद कार्य सामान्य रूप से शुरू हो जाएगा, जिससे लोगों को राहत मिलेगी।

## बड़ी योजनाओं से संबंधित भूमि की उपलब्धता शीघ्र सुनिश्चित कराई जाए

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**

प्रमंडलीय आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह ने सोमवार को पूर्वी चंपारण जिला राजस्व शाखा एवं अपर समाहर्ता के कार्यालय के निरीक्षण के क्रम में निर्देश दिया गया कि बड़ी योजनाओं से संबंधित भूमि की उपलब्धता शीघ्र सुनिश्चित कराई जाए ताकि सरकार की जो प्राथमिकता है इसका लाभ आमजन को ससमय मिल सके। आयुक्त के द्वारा निर्देश दिया गया सरकार के स्तर से जो डिमांड है, उसके अनुसार भूमि का प्रस्ताव सरकार को शीघ्र भेज दिया जाए। आयुक्त के द्वारा जन समस्याओं के निदान को प्राथमिकता देने का निर्देश देते हुए कहा कि इससे प्रशासन की उपयोगिता साबित होगी और आमजन का प्रशासन के प्रति विश्वास भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि वादों का समय से निष्पादन किया जाए एवं लोअर कोर्ट के रिकॉड्र्स को नीचे में भेज दिया जाए। अनावश्यक रूप से रिकॉर्ड को जिला में नहीं रखा जाए।आयुक्त के द्वारा अभिलेखों के रखरखाव और संधारण को और बेहतर करने का निर्देश दिया गया। आयुक्त तिरहुत प्रमंडल, गिरिवर दयाल सिंह के द्वारा सोमवार को पूर्वी चंपारण मोतिहारी के परिभ्रमण के क्रम में अपर समाहर्ता के कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल, अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिन्हा, प्रभारी पदाधिकारी राजस्व शाखा, डीसीएलआर मोतिहारी एवं राजस्व शाखा के सभी कर्मिंगण उपस्थित थे। इसके साथ-साथ नगर आयुक्त, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी अरेराज एवं सहायक समाहर्ता भी उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम दाखिल- खारिज के विषय में बताया गया कि दिनांक 1.4.2025 से लेकर 6.3.2026 तक म्यूटेशन के कुल 56357 मामले प्राप्त हुए जिसमें से 49642 मामलों का निष्पादन पाया गया। निष्पादित मामलों का प्रतिशत 88.07 पाया गया। म्यूटेशन के लंबित 6379 मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया गया।वित्तीय वर्ष 2025-26 में राजस्व वसूली के निर्धारित लक्ष्य 2609 करोड़ के विरुद्ध 31 जनवरी 2026 तक 1410 करोड़ की वसूली की गई थी जो लक्ष्य के 54% रही है। इसको लेकर आयुक्त के द्वारा इस कार्य को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया। सैरात बंदोबस्ती एवं अद्यतन वसूली की समीक्षा में पाया गया कि जिला में लगभग 1.67 करोड़ रुपए के सैरातों की बंदोबस्त की गई है जिसके विरुद्ध 35.95 लाख रुपए की वसूली की गई है। आयुक्त के द्वारा सैरात की बकाया से संबंधित समस्या की जानकारी प्राप्त की गई एवं इसके बंदोबस्ती/ वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। परिमार्जन से संबंधित समीक्षा में पाया गया कि परिमार्जन के कुल 138440 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसमें से 111824 आवेदनों का निष्पादन किया गया है जबकि 2778 आवेदनों को कारण के साथ वापस लौटाया गया है। आयुक्त महोदय के द्वारा परिमार्जन के लंबित आवेदनों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया गया। वहीं अपर समाहर्ता के द्वारा बताया गया एलपीसी के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से 81391 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें से 57910 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है। 22857 आवेदन अस्वीकृत किए गए हैं। एलसी के केवल 624 मामले ही लंबित हैं जिसके शीघ्र निष्पादन का निर्देश अंचल अधिकारियों को दिया गया है।

आयुक्त महोदय के द्वारा कार्यालय निरीक्षण के क्रम में कर्मपुस्त, आवेदन पंजी, उपस्थिति पंजी, आकस्मिक अवकाश पंजी, अनुक्रमणी पंजी सहित अन्य पंजीयों का अवलोकन किया गया एवं इस संबंध में जरूरी निर्देश दिए गए। आयुक्त महोदय के पूछने पर बताया गया कि सभी पदाधिकारी एवं कर्मी बायोमैट्रिक अटेंडेंस बनाते हैं एवं सभी राजस्व कार्यालय में बायोमेट्रिक अटेंडेंस कार्यरत है।

## नीलाम देनदारों के विरुद्ध उप विकास आयुक्त ने उठाया कठोर कदम



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**

उप विकास आयुक्त- सह - नीलम पत्र पदाधिकारी पूर्वी चंपारण मोतिहारी के द्वारा नीलम पत्रवाद के तहत बड़े बकायदारों के विरुद्ध कठोर कदम उठाया गया है। बड़े बकायदाओं की गिरफ्तारी के लिए थाना स्तर से पहले ही वारंट निर्गत किए गए थे। पुलिस अधीक्षक पूर्वी चंपारण मोतिहारी से उप विकास आयुक्त के द्वारा पत्र के माध्यम से अनुरोध किया गया है कि उनकी गिरफ्तारी कराई जाय। जिला के जो 30 बड़े बकायदार हैं उनकी सूची पुलिस अधीक्षक कार्यालय को भेजी गई है। इन बकायेदारों में हिंदू चकिया के संजीव कुमार पांडे, बेलवा घोड़ासहन के विजय शंकर प्रसाद, हिरमनी के प्रवेश आलम हरिहारा के सिकंदर राम, सुगांव के सोनू कुमार, जिहुली के रजनीश कुमार सिंह, राजा बाजार के संजय कुमार तिवारी, कौडीहार चौक के कांति देवी, कोरिहार चौक से ही सरिता देवी लक्ष्मीपुर के सोमेश्वर शाह, मटियारिया के ईश्वरचंद्र प्रसाद, रामपुरवा के विकास कुमार, जामा रोड के सुनील कुमार गुप्ता, गोपालपुर के मधु शंकर, नकछेद टोला के दिनेश प्रसाद, बलुआ टाल के अशोक कुमार सिंह, नाग रोड के प्रिंस कुमार गुप्ता, पनटोका के जोगेंद्र प्रसाद, बरियारपुर के प्रमोद कुमार गुप्ता, भेलवा के ओम प्रकाश प्रसाद, छतौनी वार्ड नंबर 18 के दीपक कुमार, कमालपुर के रूपेश कुमार, दीपही के लोकेश कुमार सिंह, गुलबारा के रंजन कुमार सिंह, मिठनपुरा के नरेश राय, चैनपुर मुकेश कुमार, रानी छपरा के सुभाष प्रसाद, जगीराहा के जगन्नाथ राय, जगीराहा के हरेंद्र राय तथा बाड़कुरवा के अफसानी खातून शामिल हैं।

उप विकास आयुक्त के द्वारा पुलिस अधीक्षक पूर्वी चंपारण मोतिहारी से निर्गत किए गए वारंट के विरुद्ध गिरफ्तारी की कार्रवाई कराने का अनुरोध किया गया है।

## जसौली पट्टी में होगा 25 मार्च से चंपारण सत्याग्रह महोत्सव



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**

महात्मा गांधी की जसौली पट्टी यात्रा की स्मृति में कोटवा प्रखंड के जसौली पट्टी में चंपारण सत्याग्रह महोत्सव की तैयारी हेतु राधाकृष्णन भवन में बैठक आयोजित की गई। वहीं बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी सदर द्वारा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से आयोजन की तिथि 25,26 एवं 27 मार्च को निर्धारित की गई ।आयोजन स्थल पर सभी विभागों के लोक कल्याणकारी योजनाओं का स्टॉल भी लगाया जाएगा। बैठक में स्थानीय विधायक कल्याणपुर सचिंद्र प्रसाद सिंह ने महोत्सव को भव्य एवं आकर्ष रूप से मनाने का विचार रखा। इस बैठक में सांसद प्रतिनिधि डॉ लालबाबू प्रसाद, जिला परिवहन पदाधिकारी, उत्पाद अधीक्षक, जिला महामारी पदाधिकारी, प्रमुख प्रतिनिधि सुनील कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी कोटवा, संजय पाण्डेय, अभय अनंत रंगकर्मी, विनय कुमार आदि उपस्थित रहे।

## गहिरी में श्री शिव शक्ति महायज्ञ का भव्य शुभारंभ, 1108 कुंवारी कन्याओं ने निकाली कलश यात्रा

लोकतंत्र की आवाज



नौतन प्रखंड क्षेत्र के गहिरी स्थित भारतीय इंटर कॉलेज गहिरी प्रांगण में आयोजित श्री शिव शक्ति महायज्ञ का सोमवार को भव्य शुभारंभ हुआ। यज्ञ के अवसर पर गाजे-बाजे और धार्मिक जयघोष के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा में 1108 कुंवारी कन्याओं ने भाग लेकर जल भरने के लिए कतार लगाई और पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना दिया कलश यात्रा की शुरुआत गहिरी स्थित शिव मंदिर से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे मार्ग में भक्तों द्वारा हर-हर महादेव और जय श्री राम के जयकारे लगाए गए यज्ञ के आयोजन में यज्ञ अध्यक्ष विभूति नारायण राय, सलाहकार श्री मुक्तीनाथ बाबा उर्फ अल्टर बाबा, यज्ञ संचालक मनोज पाठक कोषाध्यक्ष प्रदीप यादव तथा निगरानी प्रभारी चुमन पासवान सहित कई गणमान्य लोग सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं इस महायज्ञ में कथा वाचन के लिए उत्तर प्रदेश से प्रसिद्ध कथा वाचिका देवी पूर्णिमा गार्गी भी आ रही हैं, जिनके प्रवचन को सुनने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है मेले को आकर्षक बनाने के लिए यहां बड़े झूले, छोटे झूले, मौत का कुआं, ब्रेक डांस सहित कई प्रकार के मनोरंजन के साधन लगाए गए हैं इसके साथ ही रामलीला और रासलीला का भी आयोजन किया जाएगा, जिससे धार्मिक और सांस्कृतिक माहौल बना रहेगा श्री शिव शक्ति महायज्ञ को लेकर गहिरी और आसपास के क्षेत्रों में भारी उत्साह देखा जा रहा है तथा प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है।

## वर्षीय मासूम के साथ हैवानियत, आरोपी फरार, ग्रामीणों में भारी आक्रोश, बेहोशी की हालत में सरेह में मिली बच्ची; पुलिस कर रही छापेमारी

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**बगहा।** पुलिस जिला के धनहा थाना क्षेत्र से मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। यहां एक गांव में 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दरिंदगी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी युवक गांव में ही अपने एक रिश्तेदार के यहां रह रहा था। बताया जाता है कि रविवार की शाम उसने मासूम बच्ची को बहला-फुसलाकर गांव के बाहर दक्षिण सरेह की ओर ले गया, जहां उसने घिनौनी वारदात को अंजाम दिया। इधर देर शाम तक बच्ची के घर वापस नहीं लौटने पर परिजन उसकी तलाश में जुट गए। पूरी रात परिजन और ग्रामीण बच्ची को खोजते रहे, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। सोमवार की सुबह गांव के कुछ लोग जब सरेह की ओर गए तो एक पेड़ के पास बच्ची को बेहोशी की हालत में खून से लथपथ पाया। यह दृश्य देखकर लोगों के होश उड़ गए और तुरंत परिजनों को इसकी सूचना दी।

कुछ देर बाद होश में आने पर बच्ची ने अपनी मां को आपबीती बताई। इसके बाद परिजनों ने तत्काल धनहा थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही धनहा थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह महिला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने बच्ची को मेडिकल जांच के लिए बेतिया भेजने की बात कही है। बताया जा रहा है कि घटना के बाद आरोपी फरार हो गया है और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि मामले में त्वरित कार्रवाई की जा रही है और आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इधर इस घटना को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों ने प्रशासन से आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की जघन्य घटना की पुनरावृत्ति न हो सके।

## बारात में जा रहा डीजे लदा वाहन मझौलिया में पलटा, चालक सहित चार घायल, एक घंटे तक यातायात रहा बाधित

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**मझौलिया।** थाना क्षेत्र के पारस पकड़ी से जगदीशपुर बारात में जा रहा डीजे लदा चारपहिया वाहन रविवार की देर संध्या 55 आरडी पुल के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में वाहन चालक, एक ऑपरेटर तथा दो नर्तकियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और राहगीरों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मझौलिया में भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि पारस पकड़ी निवासी सुजीत बरनवाल का ''सुजीत रॉक डीजे'' बारात में शामिल होने के लिए जगदीशपुर जा रहा था। इसी दौरान 55 आरडी पुल के पास चालक का नियंत्रण वाहन से हट गया और डीजे लदा वाहन पलट गया। सूचना मिलते ही मझौलिया डायल 112 की मोबाइल दस्ता टीम मौके पर पहुंची और वाहन का आगे का शीशा तोड़कर फंसे चालक को बाहर निकाला। दुर्घटना के कारण करीब एक घंटे तक सड़क पर यातायात बाधित रहा। बाद में पुलिस ने जेसीबी मंगाकर वाहन को सीधा कराया, जिसके बाद आवागमन सामान्य हो सका।

पुलिस के अनुसार वाहन पारस पकड़ी से जगदीशपुर बारात में जा रहा था। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि चालक नशे की हालत में वाहन चला रहा था, जिसके कारण यह हादसा हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अगर चाहें तो मैं इसे और ज्यादा अखबार स्टाइल (छोटे पैराग्राफ, बोल्ड लाइन, जगह का डेटलाइन) में भी बना सकता हूं।

## जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचिकरण कार्य से संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी,एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी सह चार्ज जनगणना पदाधिकारियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**

दिनांक-09.03.2026 को मोतिहारी समाहरणालय स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद सभागार में जनगणना- 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण कार्य से संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-चार्ज जनगणना पदाधिकारियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण जिलाधिकारी-सह-प्रधान जनगणना पदाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

जिलाधिकारी-सह-प्रधान जनगणना पदाधिकारी द्वारा बताया गया की जनगणना 2027 भारत की 16वीं राष्ट्रीय जनगणना होगी और यह स्वतंत्र भारत की आठवीं जनगणना मानी जाएगी। यह जनगणना भारत के इतिहास में पहली पूर्णतया डिजिटल जनगणना होगी। जिसमें डेटा संग्रहण के लिए मोबाइल एप और ऑनलाइन विकल्प उपयोग किया जाएगा। यह जनगणना दो चरणों में किया जाना है, पहले चरण में मकान सूचीकरण के अंतर्गत मकानो की गणना की जाएगी। इसकी अवधि 2 मई से 31 मई 2026 है। द्वितीय चरण में जनसंख्या की गणना की जाएगी। इसकी अवधि 2 फरवरी से 28 फरवरी 2027 होगी। जनगणना का प्रकाशन 1 मार्च 2027 निर्धारित है ।जनगणना की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि लोगों के आर्थिक स्थिति का पता लगाने, आर्थिक विकास के लिए प्रभावशाली योजना बनाने, स्वास्थ्य, शिक्षा, आधारभूत



सुविधाओं को उपलब्ध कराने हेतु जरूरी योजनाओं का निर्माण, निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन का निर्धारण करने में अपना महत्वपूर्ण अवसर साबित होता है। अतः सभी पदाधिकारी गंभीरता पूर्वक इस प्रशिक्षण को प्राप्त करेंगे। सोमवार को प्रशिक्षण में मुकेश कुमार सिन्हा अपर समाहर्ता (राजस्व)-सह-जिला जनगणना पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ-साथ जनगणना निदेशालय, बिहार, पटना से आए प्रशिक्षक विकास सिंह एवं इस जिला के नोडल प्रशिक्षक आदित्य कुमार भी उपस्थित थे।

## अवैध रूप से संचालित प्लाईवुड फैक्ट्री के खिलाफ ग्रामीणों ने की शिकायत

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**

**मोतिहारी, पूर्वी चंपारण:** जिले के सुगौली प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत फुलवरिया गांव में अवैध रूप से संचालित प्लाईवुड फैक्ट्री को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी देखी गई है। इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा जिला वन पदाधिकारी, पूर्वी चंपारण को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं दिए गए आवेदन में बताया गया है कि फुलवरिया गांव के बस्ती इलाके में प्लाईवुड फैक्ट्री अवैध रूप से संचालित की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि आबादी के बीच फैक्ट्री चलने से निकलने वाले धुएं और कचरे से लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। आवेदन में यह भी आरोप लगाया गया है कि फैक्ट्री संचालक द्वारा अवैध रूप से हरे पेड़ों की कटाई कर उद्योग चलाया जा रहा है, जिससे पर्यावरण को नुकसान हो रहा है। शिकायतकर्ता ने वन विभाग से मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। मगर कोई करवाई नहीं होने से ग्रामीणों वन विभाग से नाराज नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों को उम्मीद है कि प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द उचित कदम उठाएगा। पंचायत के मुखिया अवधेश कुशवाहा ने बताया कि इस प्रकार की मामले पर प्रशासन को तुरंत संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें ।

### औरंगाबाद : गोह पीएचसी में मातृत्व योजना के तहत 145 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य की हुई जांच



**गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर गोह (औरंगाबाद)** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत सोमवार को गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित पीएचसी में 145 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। जानकारी देते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शिव शंकर कुमार ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र से पहुंची गर्भवती महिलाओं का हेल्थ जांच किया गया। जिसमें हीमोग्लोबिन शुगर बीपी एचआईवी यूरिन के साथ पेट में पल रहे शिशु की जांच की गई। जांच के बाद जरूरत के अनुसार गर्भवती महिलाओं को आयरन एवं फोलिक एसिड की दवा उपलब्ध कराई गई। महिलाओं को प्रभारी ने कहा कि आपलोग सुरक्षित प्रसव कराने के लिए पीएचसी अस्पताल में आएं और यहां पर सभी सुविधाएं उपलब्ध है। प्रसव के लिए यहां ट्रेंड चिकित्सा कर्मी मौजूद हैं। लेकिन महिलाओं के पेट में पल रहे शिशु की जांच के लिए पीएचसी में अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था नहीं है। जिससे महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। गर्भवती महिलाओं को प्रसव जांच करने के लिए स्थानीय निजी अल्ट्रासाउंड में जाना पड़ता है। जहां महिलाओं को अधिक कीमतें चुकानी पड़ती है। गोह पीएचसी को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा नहीं मिल पा रहा है। जिसके कारण मरीजों को पूर्ण सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। लाखों रुपए की लागत से निर्मित गोह समुदायिक स्वास्थ्य भवन शोभा का केंद्र बनकर रह गया। गर्भवती महिलाओं की जांच के लिए एक भी महिला एमबीबीएस चिकित्सक नहीं हैं।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरदला में 8 गर्भवती महिलाओं को चढ़ाया गया आयरन सुक्रोज



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला (नवादा)।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरदला में सोमवार को कमजोर एवं एनीमिया से पीड़ित गर्भवती महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए विशेष पहल करते हुए आठ महिलाओं को आयरन सुक्रोज चढ़ाया गया। यह उपचार चिकित्सकों की देखरेख में सुरक्षित तरीके से किया गया, ताकि गर्भवती महिलाओं में खून की कमी को दूर किया जा सके और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य बेहतर हो सके। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजीव कुमार ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान कई महिलाओं में खून की कमी हो जाती है, जिसे दूर करने के लिए आयरन सुक्रोज दिया जाता है। इससे महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार होता है तथा गर्भ में पल रहे शिशु के विकास में भी मदद मिलती है। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. लालमणि कुमारी गुप्ता, स्वास्थ्य प्रबंधक मनोज कुमार सिन्हा, ओम प्रकाश, राहुल कुमार समेत एएनएम और आशा कार्यकर्ता मौजूद रहे। स्वास्थ्यकर्मियों ने गर्भवती महिलाओं को नियमित जांच कराने और संतुलित आहार लेने की भी सलाह दी।

### प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत पीएचसी सिरदला में 251 गर्भवती महिलाओं की हुई स्वास्थ्य जांच



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला (नवादा)।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरदला में विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर 251 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान महिलाओं की हीमोग्लोबिन, रक्तचाप, वजन, सिफलिस, हाई बीपी, लो बीपी एवं एनीमिया समेत विभिन्न आवश्यक जांच की गई। जांच के दौरान एक महिला में लो बीपी तथा दो महिलाओं में हाई बीपी की समस्या पाई गई। वहीं पांच महिलाओं का हीमोग्लोबिन 8 ग्राम से कम पाया गया, जबकि आठ महिलाओं का हीमोग्लोबिन 8.1 से 9 ग्राम के बीच रहा। एक महिला का वजन 33 किलोग्राम पाया गया तथा पांच महिलाओं में खून की कमी की भी पहचान हुई। चिकित्सकों ने सभी महिलाओं को आवश्यक दवाइयां दीं और संतुलित आहार व नियमित जांच कराने की सलाह दी। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजीव कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक मनोज कुमार सिन्हा, फैमिली प्लानिंग काउंसलर ओमप्रकाश, डॉ. सुरेंद्र कुमार, राहुल कुमार, एएनएम रंजीत चौधरी, रेखा, रिंकू सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। स्वास्थ्यकर्मियों ने गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित मातृत्व के प्रति जागरूक भी किया।

# रेलवे प्लेटफॉर्म पर प्रसव कराकर दिखाई मानवता, मुन्नी देवी को महिला दिवस पर इनर व्हील क्लब आफ गया ने किया सम्मानित

लोकतंत्र की आवाज





**गया।** इनर व्हील क्लब आफ गया के अवसर पर अध्यक्षा दूर्वा सहाय के नेतृत्व में भी पी आभा सिंह के सहयोग से वाटिका बैंक्वेट एंड रिज़ॉर्ट में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं के परिश्रम, साहस और समर्पण को सम्मानित करना था।

इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण गया रेलवे स्टेशन की सफाई कर्मी मुन्नी देवी का सम्मान रहा है। मुन्नी देवी ने अद्भुत साहस और मानवता का परिचय देते हुए रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर एक गर्भवती महिला की आपात स्थिति में सुरक्षित प्रसव कराने में मदद की है। महिला पूर्ण गर्भावस्था में ट्रेन से गया पहुँची थीं और अस्पताल पहुँचने से पहले ही प्रसव पीड़ा शुरू हो गई है। ऐसे में मुन्नी देवी ने अन्य महिलाओं की सहायता से प्लेटफॉर्म पर ही प्रसव कराया, जिससे माँ और नवजात दोनों सुरक्षित रहे। बाद में पहुँची डॉक्टर ने भी उनके साहसिक कार्य की सराहना की है। इनर व्हील क्लब आफ गया ने मुन्नी देवी को पुष्पगुच्छ, साड़ी और 5000 रुपये की सम्मान राशि प्रदान की है। मुन्नी देवी ने स्वयं मंच से पूरी घटना साझा की, जिसे सुनकर उपस्थित सभी लोग भावुक हो उठे। इसके साथ हि इस अवसर पर निम्न आर्थिक वर्ग की तीन मेहनती महिलाओं, जो विभिन्न घरों में घरेलू सहायिका के रूप में ईमानदारी और निष्ठा से कार्य कर रही हैं, को सम्मानित किया गया है। उन्हें उनके कार्य के लिए पुष्पगुच्छ, साड़ी और 3 लीटर का प्रेशर कुकर भेंट किया गया है। सम्मान पाकर वे सभी अत्यंत प्रसन्न और भावुक दिखीं तथा क्लब के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस कार्यक्रम में क्लब की 34 सदस्यों की उपस्थिति रही है। सम्मान समारोह के बाद सदस्यों के लिए मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया है। विजेताओं को आकर्षक उपहार भी प्रदान किए गए हैं। यह कार्यक्रम महिलाओं के सशक्तिकरण, उनके समर्पण और समाज में उनके महत्वपूर्ण योगदान को सम्मानित करने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल साबित हुआ है। यह सूचना क्लब संपादिका शीतल गुप्ता द्वारा दी गई।

## चोरी की अपाची बाइक पर लदे 130 लीटर शराब को पुलिस बलों ने किया जब्त, धंधेबाज फरार



लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के उदयपुर गांव के समीप से पुलिस बलों ने रविवार की देर शाम एक चोरी की अपाची बाइक पर लदे 130 लीटर देशी महुआ शराब जब्त किया है। वहीं शराब धंधेबाज शराब लदे बाइक को सड़क पर पटककर भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रंजीत कुमार ने बताया कि रविवार की शाम पीटीसी राहुल कुमार सशस्त्र पुलिस बलों के साथ गश्त में थे। इसी बीच गुप्त सूचना मिली कि उदयपुर गांव निवासी स्व. कालो राजवंशी के पुत्र राजेश राम शोभा बिगहा से एक चोरी के अपाची बाइक से शराब लादकर उदयपुर लाने वाला है। सूचना के आलोक में पुलिस बलों को अग्रतर कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस बल जब उदयपुर गांव पहुंची, तो देखा कि शोभा बिगहा की ओर से एक युवक ब्लू रंग के अपाची बाइक पर सवार था एवं पीछे के सीट पर बंधे बोरे में कुछ रखा हुआ था। युवक की नजर पुलिस बलों पर पड़ते ही वह बाइक को सड़क पर पटककर खेतों की पगडंडियों के सहारे भागने लगा, जिसका पीछा पुलिस बलों द्वारा किया गया, लेकिन युवक पुलिस गिरफ्त से बाहर रहा। थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त अपाची बाइक पर जेएच19सी1815 का नम्बर प्लेट लगा हुआ था एवं बोरे में एक-एक लीटर के प्लास्टिक में बंद कुल 130 पीस शराब बरामद किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त बाइक की पड़ताल करने पर पता चला कि उक्त बाइक को पिछले वर्ष 2025 के अगस्त माह में नवादा के सिसवां गांव से चुराया गया था, जिसको लेकर नगर थाना नवादा में रजनीकांत शर्मा द्वारा प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त चोरी की बाइक एवं शराब को लेकर फरार अभियुक्त राजेश राम के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। उन्होंने कहा कि राजेश राम की गिरफ्तारी के लिए पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

## स्व अनुराधा खेतान के पुण्यतिथि पर असहायों की कि गई सहायता



लोकतन्त्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती।** पीरपैंती बाजार में सोमवार को स्वर्गीय अनुराधा खेतान की पुण्य तिथि मनाई गई। इस अवसर पर गरीब और दिव्यांग जनों को सिलाई मशीन, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र और वस्त्र वितरित किए गए। यह कार्यक्रम केंद्रीय रेलवे रेल यात्री संघ के अध्यक्ष और स्वर्गीय अनुराधा खेतान के पति विष्णु खेतान के नेतृत्व में आयोजित हुआ। उन्होंने इस दौरान समाज के जरूरतमंद लोगों को सहायता सामग्री प्रदान की और स्वर्गीय अनुराधा खेतान को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में अनुराधा खेतान की पुत्री के साथ भागलपुर जीआरपी के इंस्पेक्टर नसीम अहमद, कहलगांव आरपीएफ के इंस्पेक्टर बिपिन कुमार, पैक्स अध्यक्ष रहमत अली, मुखिया अरविंद साह, राजद प्रखंड अध्यक्ष रणजीत साह, पूर्व मुखिया मो. कबलेन, मो. मिनहाज और मनोज शास्त्री सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने मिलकर चार सिलाई मशीन, 15 श्रवण यंत्र, चार व्हीलचेयर और लगभग 75 जरूरतमंद लोगों को कपड़े वितरित किए।

## कंटेनर एवं बाइक की भीषण टक्कर में दो ब्यक्ति गंभीर रूप से घायल, चिंता जनक स्थिति में नवादा रेफर

लोकतंत्र की आवाज



**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** थाना क्षेत्र के अदलबिगहा मोड़ स्थित टोल प्लाजा के समीप सोमवार की सुबह कंटेनर और बाइक के बीच भीषण टक्कर हो गई। इस सड़क हादसे में बाइक सवार दोनों ब्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि नवादा की ओर से आ रहे कंटेनर (हइ 59 ए 3392) और एक होंडा साइन बाइक संख्या बीआर27एम 5243 के बीच अचानक जोरदार टक्कर हो गई।जिसके बाद कंटेनर 10 फिट तक घसीटते आगे बढ़ता रहा, आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल पर जुट गए। वही घटना के बाद कंटेनर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। वही ग्रामीणों द्वारा डायल 1033 एम्बुलेंस की मदद से दोनों घायल बाइक सवार को अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सक के द्वारा चिंता जनक स्थिति में बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल नवादा रेफर किया गया। घायलो की पहचान उत्तर प्रदेश के गोंडा जिला निवासी 55 वर्षीय धीरेंद्र सिंह जबकि दूसरा बिहार के खगड़िया जिला निवासी 40 वर्षीय गोविन्द सिंह के रूप में की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों घायल बाइक सवार टोल प्लाजा में कार्यरत थे। वे दोनों बाइक से सुबह किसी पर्सनल काम से बहादुरपुर गांव गए थे और वापस आने के क्रम में एनएच 20 सड़क पर चढ़ा ही था की नवादा की ओर से आ रहे कंटेनर जोरदार टक्कर मारते हुए 10 फीट घसीटते आगे बढ़ता चला गया। जिससे दोनों बाइक सवार कंटेनर द्वारा कुचल दिए गए जिससे उनकी हालत गंभीर बनी है। वहीं सूचना मिलते ही थाने में पदस्थापित एएसआई राहुल कुमार पुलिसबलों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे कंटेनर ट्रक में फंसे बाइक को निकालकर कंटेनर को सड़क के किनारे किया गया वहीं बाइक को थाने ले जाया गया। घटना के बाद मौके पर जुटे दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि टोल प्लाजा से सटे बहादुरपुर मोड़ और होरिला मोड़ के पास सड़क किनारे दोनों ओर दुकानें हैं। दुकानों के कारण ट्रक चालक सड़क किनारे वाहन खड़ा कर देते हैं, जिससे सड़क संकरी हो जाती है और आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। ग्रामीणों ने रजौली प्रशासन से मांग की है कि टोल प्लाजा से कम से कम 500 मीटर की दूरी तक किसी भी प्रकार की दुकान या अतिक्रमण नहीं रहने दिया जाए, साथ ही यहां दोनों ओर स्पीड ब्रेकर लगाया जाए ताकि इस तरह की दुर्घटनाओं पर रोक लग सके। थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर रंजीत कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पुलिस आवश्यक कार्रवाई में लगी है। उन्होंने कहा कि दोनों घायलों का इलाज चल रहा है। दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया है, लिखित आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## भारतीय क्रिकेट टीम ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान अद्भुत खेल भावना, अनुशासन और टीम वर्क का परिचय दिया है: डा मनीष पकंज मिश्रा

लोकतंत्र की आवाज



**गया जी।** भारत के लिए यह अत्यंत गर्व और खुशी का क्षण है कि भारतीय क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टी-20 क्रिकेट विश्व कप में तीसरी बार विजेता बनने का गौरव हासिल किया। इस ऐतिहासिक जीत पर भारतीय जनता पार्टी के नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता सहित अनेक भाजपा नेताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए भारतीय टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।इस अवसर पर डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान अद्भुत खेल भावना, अनुशासन और टीम वर्क का परिचय दिया है। फाइनल मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड की टीम को विश्व विजेता की तरह खेलते हुए शानदार तरीके से पराजित किया और एक बार फिर पूरे विश्व में भारत का तिरंगा लहराने का गौरव प्राप्त किया है। यह जीत केवल खिलाड़ियों की नहीं बल्कि पूरे देश के 140 करोड़ भारतीयों की भावनाओं की जीत है।डॉ. मिश्रा ने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों ने जिस धैर्य, आत्मविश्वास और जज्बे के साथ मैदान में प्रदर्शन किया, वह पूरे देश के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। कठिन परिस्थितियों में भी खिलाड़ियों ने हार नहीं मानी और लगातार बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए टीम को जीत तक पहुंचाया है। भारतीय बल्लेबाजों की आक्रामक बल्लेबाजी, गेंदबाजों की सटीक गेंदबाजी और फील्डरों की चुस्ती ने मैच को पूरी तरह भारत के पक्ष में कर दिया है।उन्होंने कहा कि जब भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को हराकर विश्व कप अपने नाम किया, तब पूरे देश में खुशी की लहर दौड़ गई है। गांव से लेकर शहर तक हर भारतीय इस जीत का जश्न मना रहा है। यह जीत भारतीय खेल प्रतिभा, परिश्रम और समर्पण का प्रतीक है। भारतीय खिलाड़ियों ने यह साबित कर दिया है कि जब देश के लिए खेलने का जज्बा हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता।भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता सहित अन्य भाजपा नेताओं ने भी भारतीय टीम के खिलाड़ियों की जमकर सराहना की और कहा कि यह जीत भारत के गौरव को और ऊंचा करने वाली है। खिलाड़ियों ने पूरे विश्व में भारत का मान-सम्मान बढ़ाया है और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक नया इतिहास रच दिया है। यह जीत देश के युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करेगी और भारत में खेलों के विकास को नई दिशा देगी। उन्होंने भारतीय टीम के कप्तान, कोच और सभी खिलाड़ियों को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए पुनः हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी भारतीय टीम इसी प्रकार देश का नाम रोशन करती रहेगी और विश्व मंच पर भारत का तिरंगा सदैव ऊंचा लहराता रहेगा।

## औरंगाबाद: शेखपुरा रोड के समीप संदिग्ध अवस्था में 21 वर्षीय युवक का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

लोकतंत्र की आवाज



**गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**
**गोह(औरंगाबाद)** सोमवार की दोपहर गोह थाना क्षेत्र के शेखपुरा रोड स्थित नंगाईन टांड़ के समीप सुनसान स्थान पर एक युवक का शव बरामद हुआ है। मृतक युवक की पहचान ओबरा थाना क्षेत्र के भुईयां विगहा निवासी सहेंद्र पासवान का 21 वर्षीय पुत्र शत्रुघ्न कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद आस पास के इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है। हालांकि घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल औरंगाबाद भेजकर परिजनों को सौंप दिया है। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि युवक की हत्या कैसे हुई है। वहीं मृतक के बड़े भाई लव कुमार ने बताया कि मेरा भाई अपनी बाइक से रविवार को घर से यह कहकर निकला था कि गोह थाना क्षेत्र के घेजना गांव निवासी अपने दोस्त सुधीर कुमार के घर अपने बाइक से गया हुआ था।मेरा भाई दोस्त के घर से खाना खाकर देर शाम अपने घर के लिए लौट रहा था। लेकिन युवक घर पर नहीं पहुँच सका। जिसके बाद परिजनों ने काफी खोजबीन शुरू किया। इसी क्रम में स्थानीय लोगों के द्वारा सूचना मिली कि आपके भाई का शव शेखपुरा रोड स्थित नंगाईन ईंट भट्ठे के समीप सड़क किनारे गढ़े में मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। मौत के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। वहीं घटना की सूचना मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# मुजफ्फरपुर : बिहार में कोर्ट ने डीएसपी समेत 12 पुलिसकर्मियों के खिलाफ जारी किया गिरफ़्तारी वारंट

लोक तंत्र की आवाज



**मुजफ्फरपुर।** बार-बार बुलावे के बावजूद अदालत में अनुपस्थित रहने पर मुजफ्फरपुर की विशेष एनडीपीएस (एनडीपीएस) कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। विशेष न्यायाधीश नरेंद्र पाल सिंह ने एक डीएसपी (डीएसपी) और तत्कालीन थानेदार समेत कुल 12 पुलिसकर्मियों के खिलाफ गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट (एनबीडब्लू) जारी किया है। कोर्ट ने बेहद सख्त लहजे में आदेश दिया है कि इन सभी पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार कर 9 मार्च तक न्यायालय के समक्ष पेश किया जाए। यह पूरी कार्रवाई दो अलग-अलग मादक पदार्थ बरामदगी के मामलों में गवाही दर्ज न कराने को लेकर की गई है। बताया जाता है कि कुढ़नी और सदर थाना क्षेत्र से जुड़े इन हाई-प्रोफाइल मामलों में ये पुलिसकर्मी मुख्य गवाह हैं। अदालत द्वारा इन्हें बार-बार समन भेजकर साक्ष्य देने के लिए बुलाया जा रहा था, लेकिन लंबी अवधि बीत जाने के बाद भी कोई अधिकारी या जवान कोर्ट नहीं पहुंचा। मामले की गंभीरता को देखते हुए अदालत ने इसे न्यायिक प्रक्रिया की अवहेलना माना। पहला मामला करीब चार साल पुराना है, जो कुढ़नी थाना क्षेत्र के गरहुआ चौक से जुड़ा है। उस वक्त पुलिस ने रौशन कुमार नामक आरोपी को लोडेड कट्टे और 1.920 मिलीग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस ने इस मामले में चार्जशीट तो दाखिल कर दी, लेकिन जब ट्रायल शुरू हुआ और साक्ष्य (एविडेंस) की बारी आई, तो गवाह पुलिसकर्मी गायब रहने लगे। गवाहों के न आने से मामले की सुनवाई अधर में लटकी हुई है। दूसरा मामला वर्ष 2020 का है, जो सदर थाना के खबरा भेल कॉलोनी से संबंधित है। उस समय पुलिस ने एटीएम फ्रॉड करने वाले एक बड़े अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया था। छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक किलो चरस, एटीएम क्लोनिंग मशीन और भारी मात्रा में नकदी बरामद की थी। इतने गंभीर मामले में भी पुलिसकर्मियों की लापरवाही सामने आई और वे गवाही देने के लिए न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए। अदालत ने जिन अधिकारियों और कर्मियों के खिलाफ वारंट जारी किया है, उनमें तत्कालीन डीएसपी रक्षित विपिन नारायण शर्मा, तत्कालीन कुढ़नी थानेदार अरविंद पासवान, दारोगा विवेकानंद सिंह, एएसआई प्रकाश कुमार सहित गृहरक्षक और सिपाही शामिल हैं। वारंट जारी होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि निर्धारित तिथि तक इन पुलिसकर्मियों की पेशी सुनिश्चित हो पाती है या नहीं।

## 73 लाख की चोरी का खुलासा, कुख्यात चोर 'चिकारा' सहित 7 गिरफ्तार

लोक तंत्र की आवाज



**बिहारशरीफ।** लहेरी थाना क्षेत्र के शिवपुरी भैसासुर मुहल्ला में हुई करीब 73 लाख रुपये की चोरी का पुलिस ने दस दिनों के भीतर खुलासा कर दिया। इस मामले में कुख्यात चोर आदित्य कुमार उर्फ चिकारा समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है।26 फरवरी को अविनाश कुमार के घर से करीब 73 लाख रुपये के सोने के गहने चोरी होने के मामले में लहेरी थाना में कांड संख्या 85/26 दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने आदित्य कुमार उर्फ चिकारा को पटना सिटी बाईपास स्थित किराये के मकान से विपेंद्र कुमार के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने चोरी की बात स्वीकार कर ली।इसके बाद पुलिस ने चोरी का सामान छुपाने और बेचने में शामिल रोहित शर्मा, रौशन कुमार, रजत खत्री, कपिल कुमार, साविता देवी और वर्षा कुमारी को भी गिरफ्तार कर लिया। रजत खत्री और कपिल कुमार पटना के रहने वाले हैं और सोना खरीदकर गलाने का काम करते थे।पुलिस ने आरोपितों के पास से गलाए हुए सोने समेत 132.68 ग्राम आभूषण, 23 लाख 39 हजार रुपये नकद, बिना नंबर की केटीएम बाइक, गोदरेज तोड़ने का औजार और दो पेचकश बरामद किए हैं।पुलिस के अनुसार आदित्य कुमार उर्फ चिकारा के खिलाफ विभिन्न थानों में सात आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह पहले भी कई बार जेल जा चुका है। इस मामले के उद्भेदन में लहेरी थाना पुलिस, जिला आसूचना इकाई और बिहार थाना पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बरकट्ठा प्रखंड के शिलाडीह पंचायत मे शौचालय निर्माण मे करोडों रुपए की घोटाले मे कार्रवाई धीमी



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरोचीफ
हजारीबाग (झारखंड)। बरकट्ठा प्रखण्ड अंतर्गत शिलाडीह पंचायत के समाजसेवी समीम अंसारी के सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत मांगे गए सूचना के अनुसार घोटाले का विभागीय जांच के बाद शिलाडीह पंचायत के तत्कालीन मुखिया नरेंद्र कुमार सिंह और जल सहियाओं पर स्वच्छ भारत मिशन व्यक्तिगत शौचालय में 10944000 / (एक करोड़ नौ लाख चौवालीस हजार रुपए) का गबन और अनियमितता बरतने को लेकर विभाग के पत्रांक 273/SBM(G) दिनांक 20/04/2023 को तत्कालीन मुखिया नरेंद्र कुमार सिंह और जल सहियाओं पर राशि वसूली और सर्टिफिकेट केश करने का निर्देश दिया गया था , परंतु इस पर इतने दिनो बाद भी विभाग के द्वारा तत्कालीन मुखिया और जल सहियाओं को बचाने का भरपूर कोशिश की जा रही है। उक्त का मामले का उद्भेदन कर्ता समाजसेवी समीम अंसारी ने बातचीत के दौरान कहा की मैं पुनः हजारीबाग उपायुक्त महोदय को कार्रवाई के लिए आवेदन दिया हूं अगर कार्रवाई नहीं होता है तो मैं बहुत जल्द पूरा डॉक्यूमेंट लेकर हाइ कोर्ट का रुख अपनाऊंगा। उन्होंने कहा कानून पर मुझे पूरा भरोसा है। सरकारी पैसा और जनता के पैसा को जाया नहीं जाने दूंगा।

### धनबाद के लोयाबाद वार्ड नंबर 7 में पार्षद अरुण कुमार चौहान ने स्ट्रेट लाइट का शिलान्यास किये



लोकतंत्र की आवाज़
धनबाद कतरास
ब्योरो चीफ, रिपोर्टर = पप्पु गुप्ता । वार्ड संख्या 07 में विकास कार्यों की शुरुआत करते हुए वार्ड पार्षद अरुण कुमार चौहान ने सेन्द्रा और जोगता क्षेत्र में स्ट्रेट लाइट (टावर लाइट) का शिलान्यास किया। इस दौरान नारियल फोड़कर विधिवत शिलान्यास किया गया और क्षेत्र के विकास के लिए शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। मौके पर वार्ड पार्षद अरुण कुमार चौहान ने कहा कि वार्ड 07 में विकास कार्य का यह पहला शिलान्यास है। उन्होंने कहा कि आने वाले पांच वर्षों में क्षेत्र के विकास के लिए लगातार कार्य किया जाएगा और पूरे वार्ड का कायाकल्प करने का प्रयास किया जाएगा।

### धनबाद वार्ड न०-23 की नव निर्वाचित लोकप्रिय पार्षद पुष्पा मंडल दुबारा प्रचंड बहुमत से जीत दर्ज किये जाने पर विजय झा ने बुके देकर बधाई दी



लोकतंत्र की आवाज़
धनबाद कतरास
ब्योरो चीफ, रिपोर्टर = पप्पु गुप्ता । पूर्व बियाडा अध्यक्ष सह प्रसिद्ध समाजसेवी विजय झा ने वार्ड न0 – 23 की लोकप्रिय नव निर्वाचित पार्षद आदरणीया पुष्पा मंडल( काकी माँ) को शानदार जीत दर्ज किये जाने पर उनके आवास कोलकुसमा पहुँच कर बुके देकर प्रचंड जीत के लिये बधाई और शुभ कामनाये दी, मौके पर श्रीमान बिजय झा ने कहा की वार्ड न0 – 23 में पुष्पा देवी जी की काम बोलता हैं,इन्होंने अपने द्वारा किये गये कार्य के बल पर जनता के पास दुबारा गई और मतदाताओं ने झोली भरकर इनके पक्ष में मतदान किया, और पुष्पा मंडल को फिर से अपना पार्षद बनाया,आने वाले दिनो में वार्ड 23 का उतरोतर विकास होगा,मौके पर समाज के केंद्रीय महामंत्री गौतम मंडल, जिला कोषाध्यक्ष हीरेन मंडल, पार्षद के पुत्र आकाश मंडल आदि शामिल थे ।

# संघ लोक सेवा आयोग की प्रतिष्ठित परीक्षा में गिरिडीह जिला के करण सेठ एवं नाजिया प्रवीण ने सफलता प्राप्त की

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ गिरिडीह झारखंड (2026. 03 .09)।** यूपीएससी जैसी कठिन और प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त करना किसी भी युवा के लिए बड़ी उपलब्धि होती है। यह केवल जिले के लिए गौरव का क्षण तब बना जब संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रतिष्ठित परीक्षा में सफल हुए जिले के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों करण सेठ, पचंबा और नाजिया प्रवीण, भंडारीडीह और उनके माता-पिता से उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने शिष्टाचार मुलाकात की।

इस अवसर पर उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने सभी सफल अभ्यर्थियों को उनकी कड़ी मेहनत, लगन और अनुशासन के लिए बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुलाकात के दौरान उपायुक्त ने कहा कि यूपीएससी जैसी कठिन और प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त करना किसी भी युवा के लिए बड़ी उपलब्धि होती है। यह केवल व्यक्तिगत सफलता ही नहीं बल्कि पूरे जिले और राज्य के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि इन युवाओं की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी और जिले के अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं प्रशासनिक सेवाओं में जाने के लिए प्रेरित होंगे। उपायुक्त ने अभ्यर्थियों से उनकी तैयारी की प्रक्रिया, चुनौतियों और अनुभवों के बारे में भी चर्चा की। अभ्यर्थियों ने बताया कि निरंतर अध्ययन, सही मार्गदर्शन और आत्मविश्वास के बल पर उन्होंने इस कठिन परीक्षा में सफलता प्राप्त की। उन्होंने कहा कि परिवार, शिक्षकों और मित्रों का सहयोग भी उनके लिए काफी महत्वपूर्ण रहा। इस अवसर पर उपायुक्त ने सभी सफल युवाओं को आगे की प्रशिक्षण प्रक्रिया के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रशासनिक सेवा में रहते हुए वे समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कार्य करें तथा ईमानदारी और समर्पण के साथ देश की सेवा करें।

उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी बनने के बाद उनकी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है, इसलिए उन्हें सदैव जनहित को प्राथमिकता देनी चाहिए। आगे उपायुक्त ने कहा कि प्रशासनिक सेवा में आने के बाद उन्हें विशेष रूप से समाज के वंचित, गरीब और जरूरतमंद वर्गों के उत्थान के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी मिल पाएगा, जब अधिकारी संवेदनशीलता और ईमानदारी के साथ अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचाने का प्रयास करेंगे। उपायुक्त ने उन्हें मेहनत, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य करने की सलाह देते हुए कहा कि एक सच्चा प्रशासक वही होता है जो समाज के कमजोर वर्गों की समस्याओं को समझकर उनके समाधान के लिए प्रतिबद्ध रहता है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक पद पर रहते हुए जनहित में कार्य करना हम सभी का प्रमुख दायित्व है।

सरकार की विभिन्न योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने तथा उसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को स्पष्ट रूप से जिम्मेदारी सौंपी गई है।उन्होंने कहा कि योजनाओं का सफल संचालन सुनिश्चित करना प्रशासन की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके लिए आवश्यक है कि सभी अधिकारी एवं कर्मी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और प्रतिबद्धता के साथ करें, ताकि आम जनता को सरकार की योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके। कार्य में लापरवाही या जिम्मेदारी से बचने की प्रवृत्ति किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगी। सभी अधिकारी और कर्मियों को अपने दायित्वों का निर्वहन जिम्मेदारीपूर्वक करना चाहिए।

जनहित का कार्य सर्वोपरि होना चाहिए इसके साथ किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं किया जाएगा और किसी प्रकार का व्यक्तिगत हित या कोई लापरवाही क्षम्य नहीं है।* सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ करें, ताकि आम जनता को योजनाओं का समय पर लाभ मिल सके। मुलाकात के अंत में उपायुक्त ने सभी सफल युवाओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी सफल युवाओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## विधायक प्रदीप प्रसाद ने सदन में उठाई हज़ारीबाग श्री रामनवमी को राजकीय महोत्सव का दर्जा देने की उठायी मांग

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)।** ऐतिहासिक अखाड़ा परंपरा और भव्य शोभायात्राओं को मिले राज्य स्तर की पहचान, सुरक्षा के लिए ड्रोन व सीसीटीवी की हो व्यवस्था। झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान हज़ारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद ने हज़ारीबाग की विश्वप्रसिद्ध इंटरनेशनल श्री रामनवमी महोत्सव को राजकीय महोत्सव का दर्जा देने की मांग को सदन में प्रमुखता से उठाया।उन्होंने कहा कि हज़ारीबाग की श्री रामनवमी केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि वर्षों से चली आ रही हम सभी की आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है।

विधायक प्रदीप प्रसाद ने सदन में कहा कि हज़ारीबाग की ऐतिहासिक अखाड़ा परंपरा, भव्य शोभायात्राएँ और हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता इस महोत्सव को पूरे झारखंड ही नहीं, बल्कि देशभर में विशेष पहचान दिलाती है। हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस आयोजन में शामिल होते हैं, जिससे यह उत्सव सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक एकता और परंपरा का अद्भुत उदाहरण बन जाता है।

उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि हज़ारीबाग की इस ऐतिहासिक और गौरवशाली परंपरा को सम्मान देते हुए श्री रामनवमी महोत्सव को राजकीय महोत्सव का दर्जा प्रदान किया जाए। इससे न केवल इस सांस्कृतिक विरासत को उचित सम्मान मिलेगा, बल्कि राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर इसकी पहचान और अधिक सशक्त होगी।

विधायक ने यह भी कहा कि श्री रामनवमी के अवसर पर निकलने वाले अखाड़ा जुलूस एवं शोभायात्राओं में हजारों श्रद्धालु शामिल होते हैं, इसलिए श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जुलूस मार्गों पर ड्रोन कैमरा और सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था करने की मांग की, ताकि सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके।

उन्होंने कहा कि हज़ारीबाग की रामनवमी केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि जिले की सांस्कृतिक पहचान और गौरव से जुड़ी परंपरा है। इस परंपरा को राज्य स्तर पर मान्यता दिलाना आवश्यक है, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ भी इस विरासत को गर्व के साथ आगे बढ़ा सकें। विधायक ने विश्वास व्यक्त किया कि सरकार इस मांग पर सकारात्मक विचार करेगी। उन्होंने कहा कि हज़ारीबाग की इस गौरवशाली परंपरा को राजकीय महोत्सव का दर्जा दिलाने के लिए उनका प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

## धनबाद के निचितपुर टाउनशिप में दो बाहुबलियों की मिलीभगत से बीसीसीएल ईस्ट बसुरिया में काले हीरे की लूट



लोकतंत्र की आवाज़
धनबाद कतरास
**ब्योरो चीफ, रिपोर्टर = पप्पु गुप्ता।** ईस्ट बसूरिया ओपी क्षेत्र के निचितपुर टाउनशिप स्थित मोहलीडीह ग्राउंड, ईस्ट बसूरिया पुलिस चेकपोस्ट के पीछे इन दिनों अवैध कोयला कारोबार खुलेआम चरम पर है। बताया जा रहा है कि दो बाहुबली मिलकर बीसीसीएल के निचितपुर कोल डंप से कोयला चोरी करवा रहे हैं। मोटरसाइकिल, टोटो और साइकिल के जरिए कोयला लाकर पहले अवैध डिपो में जमा किया जाता है, फिर दिनदहाड़े ट्रकों के माध्यम से बाहरी इलाकों में भेज दिया जाता है। हैरानी की बात यह है कि इतने बड़े पैमाने पर चल रहे इस अवैध कारोबार की भनक अब तक न तो सीआईएसएफ को लग पाई है और न ही स्थानीय पुलिस प्रशासन को।

## ऐपवा ने बगोदर में मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

### बकाया मानदेय भुगतान करने की मांग कर रहे जल सहियाओ को गिरिडीह उपायुक्त द्वारा जेल भेजने की धमकी देने तथा अभद्रता की गई कड़ी निंदा

लोकतंत्र की आवाज



**बगोदर गिरिडीह (झारखंड)।** सोमवार को बगोदर के घंघरी में अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन (ऐपवा) के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एपवा राज्य सचिव जयंती चौधरी, राज्य कमेटी सदस्या पुनम महतो, जिला परिषद सदस्या पींकी भारती, पंचायत समिति सदस्या हेमंती देवी, खगीया देवी, मंजू देवी, भगीया देवी ,रेशमी देवी ,बबीता देवी सहित भारी संख्या में महिलाएं शामिल थी।कार्यक्रम की शुरुआत में प्रखर महिला नेत्री सह झारखंड प्रदेश रसोईया संघ की राज्य कमेटी सदस्या अनीता देवी की स्मृति में एक मिनट का मौन रख भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई जिनका हाल ही में एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिप सदस्या पुनम महतो ने की ।

सभा को संबोधित करते हुए ऐपवा प्रदेश सचिव व पूर्व जिप सदस्या जंयती चौधरी ने कहा कि आज महिलाओं को पढ़ने से लेकर चुनाव लडने का अधिकार मिला है ,वह काफी संघर्ष के बाद मिला है। आज की मोदी सरकार उस अधिकार को छीन लेने की कोशिश कर रही है। आज बेटियों पर अत्याचार भाजपा के विधायक और सांसद कर रहे हैं। जब चुनाव में विवेक से मतदान करने का समय आता है तो रुपए की लालच देकर वे वोट खरीद ले रहे हैं. उन्होंने कहा कि अपने सात माह के बकाया मानदेय के भुगतान की मांग कर रहे जिले भर के जल सहियाओ को गिरिडीह उपायुक्त द्वारा अभद्र व्यवहार करने, और उन्हें जेल भेजने की धमकी देना दुर्भाग्यपूर्ण है.महिला संगठन ऐपवा उक्त कृत्य की तीखी भर्त्सना करती है और ऐसे अधिकारी पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग राज्य सरकार से करती है तथा जल सहियाओं के बकाया मानदेय का भुगतान अविलंब करने की मांग करती है. उन्होंने कहा कि कोडरमा की महिला सांसद अन्नपूर्णा देवी हो या बगोदर विधायक नागेन्द्र महतो ,वे बेटियों की पढ़ाई से लेकर सुरक्षा का कोई काम नहीं कर रहे हैं। और न हीं कोई विकास की बातें करते हैं। इन लोगों ने गुंडा बदमाशों को बढ़ावा दिया है। हर जगह गरीबों का जगह जमीन की छीनतय बढ़ा है । निर्लज्जता का हद तब देखी जा रही है कि सैकड़ों सालों से सोना पहाड़ी का भूत पुजा करने वालों से भूत छीनने में लगे हैं जो काफी नींदनीय हैं।

## हल्की सी बारिश से ही गिरिडीह बस पड़ाव के पास का रोड बदहाल

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ गिरिडीह झारखंड (2026. 03.09)।** यहां एक वाक्य याद आता है की वादे तो अक्सर टूट जाते हैं तात्पर्य चुनाव लड़ने से पूर्व किए गए वादे से हैं मात्र वादे ही नहीं जनता को देवतुल भी बताया जाता है अच्छी बात है लेकिन जहां तक चुनाव पूर्व वादे की बात है तो काम ही नेतागण अपने द्वारा दिए गए वचन को पूरा कर पाते हैं कहा नहीं जा सकता की बिजली सड़क एवं पानी की समस्या का समाधान हो पाएगा या नहीं सूत्रों की मानें तो समाचार अनुसार गिरिडीह नगर निगम के अंतर्गत ही पीएससी गली निर्माण में भारी अनियमिताएं बरती गई वहीं दूसरी ओर एक स्थान पर यह देखा गया की निर्धारित चौड़ाई से कम चौड़ा नाले का निर्माण किया जा रहा है इसमें भी घोर उलट फेर है।

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता की बारिश की मौसम में सड़कों पर पानी जाम हो जाए, जब इस हल्की बारिश में ही ऐसी स्थिति उत्पन्न हो जा रही है।इस प्रकार बात तो वहीं की वहीं धरी रह गई बिजली सड़क पानी तात्पर्य जनता जनार्दन/ देवतुल्य के रूपयों-पैसों का अप्रत्यक्ष रूप से दोहन करना क्या उचित है? हालांकि आप इस हल्की बारिश को मानसून पूर्व की चेतावनी मान ले तो बेहतर होगा हालांकि मानसून आने में काफी देर है लेकिन क्या कहा जाए क्या किया जाए गर्मी आए तो पेयजल समस्या मानसून आए तो पानी से समस्या जल जमाव से समस्या लेकिन इसको जड़ से ठीक करने वाले की तलाश जनता करती आ रही है।

## वंदे भारत ट्रेन की टक्कर से एक युवक की मौत , परिजनों में आक्रोश

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)।** हजारीबाग टाउन रेलवे स्टेशन के समीप सोमवार को एक दर्दनाक रेल दुर्घटना में युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सुबह करीब 11 बजे वंदे भारत ट्रेन की टक्कर से युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

मृतक की पहचान कटकमदाग थाना क्षेत्र के नावाटांड कदमा निवासी ईश्वर कुमार उर्फ बाबू (पिताः मनोज राम) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया और पूरे इलाके में शोक की लहर फैल गई। बताया जाता है कि ईश्वर कुमार पांच भाई-बहनों में सबसे छोटा था और परिवार का एकमात्र सहारा माना जाता था।स्थानीय लोगों के अनुसार वह हंसमुख और मिलनसार स्वभाव का युवक था। घटना की सूचना मिलते ही कटकमदाग थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग भेज दिया। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों में आक्रोश है। उनका आरोप है कि रेलवे की ओर से पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने के कारण इस क्षेत्र में अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। मृतक का परिवार गरीब बताया जा रहा है, इसलिए परिजनों ने रेलवे प्रशासन से उचित मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## धनबाद में नए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश से मिले डीसी और एसएसपी, दी शुभकामनाएं

लोकतंत्र की आवाज़




**धनबाद कतरास**
**ब्योरो चीफ, रिपोर्टर = पप्पु गुप्ता।** जिले में प्रशासन और न्यायिक व्यवस्था के बेहतर समन्वय को लेकर सोमवार को एक महत्वपूर्ण शिष्टाचार मुलाकात हुई। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन और वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने धनबाद के नव नियुक्त प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश निकेश कुमार सिन्हा से उनके कार्यकाल के दौरान मुलाकात की।

इस अवसर पर दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश का स्वागत किया और उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। मुलाकात के दौरान जिले में न्यायिक और प्रशासनिक व्यवस्था को और प्रभावी बनाने तथा कानून-व्यवस्था से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी सकारात्मक चर्चा हुई। अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि प्रशासन और न्यायपालिका के बीच बेहतर तालमेल से जिले में कानून व्यवस्था और न्यायिक प्रक्रिया को और मजबूत बनाया जा सकेगा। यह शिष्टाचार मुलाकात जिले में प्रशासन और न्यायपालिका के बीच बेहतर समन्वय और सहयोग का सकारात्मक संदेश भी देती है।

## पचमो : भारतमाला परियोजना के कार्यप्रणाली के विरोध मे उतरे ग्रामीण, बोले कारवाई न होने पर आंदोलन किया जायेगा

लोकतंत्र की आवाज़




**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड हंटरगंज(चतरा)।** जिले के हंटरगंज प्रखंड के पाण्डेयपुरा पंचायत के पचमो गांव मे भारतमाला परियोजना के प्रति ग्रामीणों का गुस्सा फुट पड़ा है। ग्रामीणों ने रास्ते के लिए और विभागीय अनियमितता के लिए सरकार से लगातार गुहार लगाया जा रहा है पर विभाग के उच्च अधिकारियों के द्वारा संज्ञान नही लिया जा रहा है जो विचारणीय है। ग्रामीणों ने जानकारी साझा करते हुए बताया की पहले हमारे जमीन को जैसे तैसे अधिग्रहण कर लिया गया है और उसमे मनमाने तरीके से भारतमाला परियोजना के द्वारा काम किया जा रहा है जिसके चलते ग्रामीणों मे आक्रोश की स्थिति उत्पन्न है।

ग्रामीणों का कहना है की हमारे गांव का मुख्य बाजार पाण्डेयपुरा है जहा जाने के लिए निकटतम रास्ते को भारतमाला परियोजना के द्वारा बंद किया जा रहा है।उन्होंने बताया की इस रास्ते के बंद होने की स्थिति मे पाण्डेयपुरा से निकटतम सम्पर्क पुरी तरह से टूट जायेगा और लगभग 250 घरों के लोगो को पाण्डेयपुरा जाने के लिए लगभग 8 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ेगी ऐसी स्थिति मे बच्चों को विद्यालय जाना,रोजमर्रा की जरूरतों के लिए ग्रामीणों और महिलाओ का आना जाना, आपातकालीन स्थिति मे मरीजों को लाना ले जाना ग्रामीणों के लिए काफी चुनौतिपूर्ण हो जायेगा। ग्रामीणों ने ये भी जानकारी साझा किया की जिस सड़क के लिए जगह छोड़ने की बात की जा रही है उस सड़क के निर्माण कार्य की मंजूरी सरकारी योजनाओं के द्वारा मिल चुकी है। ग्रामीणों का ये भी कहना है की भारतमाला के द्वारा जो जमीन ग्रामीणों से अधिग्रहण किया गया था उससे ज्यादा मे निर्माण कार्य किया जा रहा है जिससे ग्रामीणों मे आक्रोश की स्थिति उत्पन्न है।

**केवल मुआवजा ही नही काम भी दे भारतमाला परियोजना**

ग्रामीणों ने उक्त मामले से सम्बन्धित आवेदन उपायुक्त कार्यालय चतरा और हंटरगंज थाना मे भी दी गयी है पर अभी तक इस मामले पर कोई कारवाई नही की गयी है। ग्रामीणों ने कहा है की उक्त सभी मामलो पर कारवाई न होने की स्थिति मे आंदोलन और धरना दिया जायेगा। ग्रामीणों का कहना है की हम लोग मेहनत मजदूरी करके अपना जीवन यापन करने का काम करते है और हमारी जमीन ले कर हमे ही काम से वंचित रखा जा रहा है हमारे क्षेत्र मे बाहरी लोगो से काम करवाया जा रहा है। ग्रामीणों ने वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियो से भारतमाला परियोजना मे रोजगार मुहैया कराने के लिए गुहार लगाया है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### सदर अस्पताल के कैदी वार्ड से शौचालय की खिड़की तोड़कर कैदी फरार, दोबारा पकड़ा गया



लोकतंत्र की आवाज
कैमूर। भभुआ सदर अस्पताल के कैदी वार्ड से शौचालय की खिड़की तोड़कर एक कैदी के फरार होने का मामला सामने आया है। इस मामले में भभुआ थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। कैदी वार्ड के गार्डन प्रभारी श्री राम सिंह यादव द्वारा भभुआ थाना में दिए गए आवेदन में बताया गया कि उनके साथ तीन अन्य जवान सुनील कुमार, राजकुमार राम और नागेंद्र सिंह कैदी वार्ड में ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान 6 मार्च की रात करीब 1:30 बजे वैशाली जिले के गंगावृज थाना क्षेत्र के तेरसिया गांव निवासी राम जनक महतो के पुत्र सोनू कुमार शौच करने के लिए शौचालय गया। बताया गया कि शौचालय के अंदर लगी खिड़की की लोहे की जाली को खींचकर उसने तोड़ दिया और उसी रास्ते से फरार हो गया। सोनू कुमार शराब से जुड़े मामले में बंदी के रूप में सदर अस्पताल में इलाज हेतु कैदी वार्ड में रखा गया था। कैदी के फरार होने की सूचना मिलते ही पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी। मामले को लेकर भभुआ थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई और पुलिस टीम द्वारा कार्रवाई शुरू की गई। इस संबंध में भभुआ थाना के अपर थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि फरार कैदी सोनू कुमार को पुलिस ने पुनः पकड़ लिया है। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रिरया पूरी करते हुए उसका मेडिकल जांच कराया गया। इसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और कैदी के फरार होने की परिस्थितियों की भी पड़ताल की जा रही है।

### बिहार नव निर्माण अभियान के तहत जन सुराज सूत्रधार प्रशांत किशोर पहुंचे मोहनिया महावीर मंदिर में की पूजा-अर्चना



लोकतंत्र की आवाज
मोहनिया। नगर में बिहार नव निर्माण अभियान के तहत जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर सोमवार की दोपहर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सबसे पहले नगर स्थित महावीर मंदिर में पहुंचकर विधि—विधान से पूजा—अर्चना की इसके बाद उन्होंने संविधान निर्माता डा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान बड़ी संख्या में जन सुराज के कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिहार नव निर्माण अभियान के तहत प्रशांत किशोर का कैमूर जिले के भभुआ में कार्यक्त्रम था, इस दरमियान मोहनिया के चांदनी चौक के पास सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता फूल माला और गाजे बाजे के साथ उनका बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, करीब एक बजे ज्योंही प्रशांत किशोर चांदनी चौक पहुंचे जन सुराज के कार्यकर्ता जय बिहार जय बिहार का नारा लगाने लगे। प्रशांत किशोर के मोहनिया पहुंचने पर जन सुराज की प्रत्याशी सह जिला परिषद सदस्य गीता पासी के नेतृत्व में गाजे—बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने फूल—मालाओं से उनका अभिनंदन किया और नारेबाजी करते हुए उनका काफिला नगर में आगे बढ़ा।

### दुर्गावती : विधायक की मांग पर दुर्गावती में अंडरपास निर्माण को हरी झंडी



लोकतंत्र की आवाज
दुर्गावती। रामगढ़ के बसपा विधायक सतीश यादव उर्फ पिंटू के द्वारा दुर्गावती में अंडरपास बनाने की मांग को लेकर सोमवार को स्थानीय स्तर पर इंडिपेंडेंट इंजीनियर ने निरीक्षण के दौरान स्पष्ट रूप से स्वीकार किया कि यहां हर हाल में अंडरपास का निर्माण अनिवार्य है। इंजीनियर ने कहा कि यदि स्थानीय लोग और विधायक चाहें तो तत्काल फुट ओवर ब्रिज का निर्माण करवा दिया जाएगा। इस पर विधायक सतीश यादव उर्फ पिंटू ने स्पष्ट किया कि उन्हें फुट ओवर ब्रिज नहीं, बल्कि अंडरपास की आवश्यकता है। इसके बाद फोन से पीडी (एनएचएआई) से बात हुई। पीडी ने निर्देश दिए कि डिजाइन इंजीनियर को तत्काल बुलाकर इसका डिजाइन तैयार किया जाए और निर्माण कार्य के लिए आगे की कार्रवाई की जाए। यह विकास जिले के यातायात सुगमता के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है। स्थानीय लोगों ने इस निर्णय का स्वागत किया है।

### मोटरसाइकिल चोरी के मामले में एक गिरफ्तार, चोरी की बाइक बरामद

लोकतंत्र की आवाज
कैमूर। मोटरसाइकिल चोरी के मामले में भभुआ थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर चोरी की बाइक बरामद कर ली है। इस संबंध में सोमवार भभुआ थाना पहुंचे थाना क्षेत्र के अखलासपुर गांव निवासी शिवपूजन बिंद ने आवेदन देकर बताया कि रविवार और सोमवार की मध्य रात्रि बाद करीब 2 बजे उनके घर के बाहर खड़ी पल्सर मोटरसाइकिल चोरी हो गई थी। पीड़ित ने बताया कि बाइक चोरी होने की जानकारी मिलने के बाद वह आसपास के क्षेत्रों में खोजबीन करने लगे। इसी दौरान कबार गांव के पास एक युवक उनकी बाइक लेकर भागता हुआ दिखाई दिया। शक होने पर ग्रामीणों की मदद से उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम अनिल कुमार, पिता स्वर्गीय गोपाल सिंह, निवासी अखलासपुर गांव बताया।। इसके बाद मामले की सूचना भभुआ थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर चोरी की बाइक बरामद कर ली। भभुआ थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं मेडिकल जांच कराने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# लिच्छवी भवन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यशाला सह सम्मान समारोह आयोजित

लोकतंत्र की आवाज



कैमूर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सोमवार को भभुआ स्थित लिच्छवी भवन में पैनल डिस्कशन, पिंक कार्यशाला सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्त्रम का उद्घाटन दोपहर 12:30 बजे वरीय उपसमाहर्ता करिश्मा कुमारी, वरीय चिकित्सक डॉ. किरण सिंह तथा विभिन्न विभागों की महिला अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। यह कार्यक्त्रम कला एवं संस्कृति विभाग, महिला विकास निगम तथा जिला प्रशासन कैमूर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

कार्यक्त्रम की शुरुआत महिलाओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गान से हुई, जिसके बाद पैनल चर्चा और कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित महिला अधिकारियों ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक उपलब्धियों को सम्मानित करने का महत्वपूर्ण अवसर है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परिचय दे रही हैं और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

अधिकारियों ने कहा कि महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए समाज के हर वर्ग को आगे आकर सहयोग करना चाहिए। महिला सम्मान और समान अधिकार सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर पूर्व में आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर महिलाओं ने खुशी व्यक्त की और ऐसे कार्यक्त्रमों को प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में अनुराधा रस्तोगी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और विभिन्न विभागों की महिला अधिकारी मौजूद रहीं। समारोह में महिला सशक्तिकरण और समाज में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर विशेष जोर दिया गया।



## नाबालिग के पैन्ट खोलकर अश्लील हरकतें करने वाले को अदालत ने 5 साल का दिया सश्रम कारावास

लोकतंत्र की आवाज

**भभुआ कैमूर।** कैमूर जिला पाक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश सह एडीजे 6 प्रमोद कुमार पांडे की अदालत ने पाच वर्षीय पीड़िता को 5 रुपए का सिक्का देकर उसका हाथ पकड़ कर अरहर के खेत में ले जाकर उसका पैंट खोलने के आरोप में पांच वर्षों का सश्रम कारावास एवं तीस हजार रुपए जुर्माना, जुर्माना नहीं देने पर नौ माह का अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। पोक्सो एक्ट कैमूर के विशेष लोक अभियोजक शशि भूषण पांडे ने बताया कि घटना दिनांक 30 मार्च 2023 को 11:00 बजे दिन को सूचक की 5 वर्षीय बेटी खेल रहे थीं इस दौरान 70 वर्षीय एक अभियुक्त थाना नुआंव अंतर्गत जिला कैमूर पीड़िता को पांच रुपए का सिक्का पकड़ा कर अश्लील हरकत किया। साथ खेल रहे बच्चों को हल्ला करने पर अभियुक्त अपना चप्पल छोड़कर भाग गया। पीड़िता के



पिता 2 दिन बाद घर आए तो नुआंव (रामगढ़) थाना कांड संख्या— 95/2023 दर्ज कराया गया। अभियोजन की और से कुल 11 साक्षियों एवं दस्तावेज साक्ष्यों एवं दस्तावेज़ी साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय द्वारा दोषी पाकर धारा 354 (बी) में 3 वर्षों का सजा, पाक्सों एक्ट 10 में 5 वर्षों का सजा एवं तीस हजार रुपए जुर्माना, नहीं देने पर 9 माह का अतिरिक्त सजा भुगतने की सजा सुनाई गई।

## कपड़ा फेरी करने वाले के साथ मारपीट, चार नामजद, एक आरोपी गिरफ्तार, बाकी के लिए छापेमारी जारी

लोकतंत्र की आवाज



**मोहनिया।** शहर के वार्ड नंबर 15 इस्लामगंज मोहल्ले में 2 मार्च को किराए के मकान में रहने वाले एक कपड़ा फेरी करने वाले व्यक्ती के साथ कुछ लोगो ने मारपीट किया था, मार पीट मामले में पीड़ित ने मोहनिया थाने में चार लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया था, जिसमें एक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जिसकी पहचान मोहनिया वार्ड नंबर 9 निवासी टन टन सिंह ऊर्फ टुनटुन सिंह के पुत्र लवकेश सिंह के रूप में हुई है।

पीड़ित असरफुल ने दिए आवेदन में बताया है की मैं पश्चिम बंगाल के मालदा का रहने वाला हूं और फिलहाल में मोहनीया के वार्ड नंबर 15 इस्लामगंज मोहल्ले में किराए के मकान में रहता हूं और गांव गांव घूम कर कपड़ा फेरी का काम कर अपना जीवन यापन करता हूं। 2 मार्च 2026 को मेरे साथ मोहनिया वार्ड नंबर नौ के रहने वाले कुछ लोग मेरे साथ मारपीट किए थे, हमने मारपीट ममले में मोहनिया थाने में चार लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया था।

इस संबंध में मोहनिया थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने सोमवार की दोपहर लगभग 3:30 बजे फोन पर जानकारी देते हुए बताया की दो मार्च को हुए मारपीट मामले में पीड़ित ने चार लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया था, जिनमें से एक को गिरफ्तार कर लिया गया है बाकी के लिए छापेमारी जारी है।

## मोहनिया : अनियंत्रित होकर बाइक के पलटने से बच्ची सहित तीन लोग घायल

लोकतंत्र की आवाज



**मोहनिया।** मोहनिया से है जहा बाइक पर सवार तीन लोग भभुआ की तरफ जा रहे थे, तभी भभुआ थाना क्षेत्र के रतवार गांव के समीप उनका बाइक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे बाइक पर बैठे एक बच्ची सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से घायलों को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल मोहनिया लाया गया। घायलों की पहचान भभुआ के रहने वाले सुनील कुमार, पंकज पटेल और उनकी 6 वर्षीय पुत्री प्रियांशी कुमारी के रूप में हुई है।

रतवार गांव के रहने वाले धीरेंद्र कुमार ने बताया कि मैं क्रिकेट खेलने के लिए फील्ड में जा रहा था तभी सड़क पर एक बाइक अनियंत्रित होकर पलट गया, बाइक पर बैठी एक बच्ची सहित तीन लोग घायल हो गए, मैं सड़क पर तड़पते देख उन लोगों को इलाज के लिए मोहनिया के अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया, जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने उनका प्राथमिक उपचार शुरू किया। वे लोग मोहनिया से भभुआ जा रहे थे।

इस संबंध में अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सक डॉक्टर विंध्याचल सिंह ने सोमवार की शाम लगभग 4:30 बजे बताया कि सड़क दुर्घटना में एक बच्ची सहित तीन लोगों को लाया गया था, बच्ची का सर फट गया था और एक के चेहरे और दूसरे के हाथ में चोट लगी थी, हमने सभी का प्राथमिक उपचार कर दिया है, बच्ची के सर में चोट लगा है इसलिए उसको सीटी स्कैन कराने के लिए सदर अस्पताल भभुआ रेफर किए हैं।

## भभुआ में गौ सम्मान अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया

लोकतंत्र की आवाज



**विनोद कुमार राम**
**भभुआ कैमूर।** गौ माता के संरक्षण एवं गौ हत्या के खिलाफ गौ सम्मान आवाहन अभियान के अंतर्गत हत्याक्षर अभियान चलाया गया। सोमवार को जिले के भभुआ प्रखंड कार्यालय स्थित प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि राघवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ गुरु सिंह के कार्यालय में हिंदूवादी संगठन के नेता उत्तम पटेल एवं गौ सम्मान टीम के द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

मौके पर प्रखंड प्रमुख ने बताया कि सभी लोगों को अपने धर्म का प्रचार प्रसार करने की आजादी है और हम सभी की माता गाय है उसको सुरक्षित करने के लिए हमलोग गौ सम्मान अहवान अभियान में तन मन धन के साथ एकजुट है। दिनांक 27 अप्रैल से लेकर 27 जुलाई तक यह अभियान चलाया जाएगा।

हिंदूवादी संगठन के नेता उत्तम पटेल ने कहा कि जिस तरह आए दिन गायों की हत्या की जा रही है पुलिस प्रशासन पर सवालिया निशान खड़े करता है। इस अभियान को हमलोग अपने पूरे टिम के साथ सफल बनाने के लिए एकजुट है।

आचार्य अमरनाथ चौबे ने बताया कि सनातन धर्म में गौ को माता का दर्जा दिया गया है। लेकिन जिस तरह से गौ हत्या एवं तस्करी हो रही है उसकी हम निंदा करते है। इस गौ सम्मान अभियान के सफलता के लिए हर जगहों पर हमलोग हस्ताक्षर करा रहे है एवं कार्यक्त्रम के अनुरूप कार्य कर रहे हैं।

## कैमूर जिला में औलिया दरबार का भ्रमण रथ पर लगा विराम, लोगों को जागरुक कर बाल विवाह पर दिया संदेश

लोकतंत्र की आवाज



**कैमूर।** जिला में बाल विवाह को रोकने के लिए औलिया दरबार और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रथ का जिला भमण के बाद इसका समापन किया गया। जहां कि इस समापन और महिला दिवस के शुभ उपलक्ष्य में भभुआ प्रखण्ड के ओदार गांव में भारत सरकार के केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की पहल पर चले 100 दिवसीय गहन जागरकता अभियान के तहत पैदल यात्रा निकाला गया। जो कि बैनर तले के साथ लोगों को जागरूक किया जा रहा था।

बाल विवाह पर लोगों को जागरूक कर आगे आने का अपील किया जा रहा था। जस्ट राइट फार चिल्ड्रेन एयरलाइंस इंडिया के सहयोगी संगठन औलिया अध्यात्मिक अनुसंधान केन्द्र औलिया दरबार कैमूर के समन्वयक राकेश कुमार ने बताया कि बाल विवाह के 100 दिवसीय गहन जागरकता अभियान और इसके तहत निकालें गये बाल विवाह मुक्ति रथ को परिवर्तनकारी बताते हुए कहा कि यह कोई प्रतीकात्मक यात्रा नहीं था। यह पहियों पर बदलाव का संदेश था। जिसको लोगों ने स्वीकार और सराहना भी किया है। उन्होंने कहा कि सरकार, प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की भागादारी से यह अभियान एक व्यापक जनभागीदारी वाले जन अभियान में तब्दील हो गया। उन्होंने कहा इस संगठन के द्वारा देश के 439 जिला में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता का संदेश देने के लिए बाल विवाह मुक्त रथ निकला था।

## नुआंव : अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय बराढ़ी की प्रधानाध्यापिका सुनीता कुमारी सम्मानित

लोकतंत्र की आवाज

**नुआंव।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के विशेष अवसर पर कैमूर जिला प्रशासन द्वारा शिक्षा और स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में सोमवार को भभुआ स्थित लिक्ष्वी भवन में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान नुआंव प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बराढ़ी की प्रधानाध्यापिका सुनीता कुमारी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

**DM और SP ने प्रदान किया सम्मान:** कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी श्री नितिन कुमार सिंह ने की। प्रधानाध्यापिका सुनीता कुमारी को शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और विद्यालय परिसर में स्वच्छता के प्रति बच्चों व समाज को जागरूक करने के उनके सराहनीय कार्यों के लिए चुना गया। जिला पदाधिकारी श्री नितिन कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक श्री हरि मोहन शुक्ला ने संयुक्त रूप से सुनीता कुमारी को अंगवस्त्र और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

इस सम्मान से विद्यालय के शिक्षकों, छात्रों और क्षेत्र के ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। लोगों का मानना है कि सुनीता कुमारी के नेतृत्व में विद्यालय ने न केवल शैक्षणिक ऊंचाइयों को छुआ है, बल्कि सामाजिक जागरूकता में भी मिसाल पेश की है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की अच्छी-खासी मौजूदगी रही।



## संक्षिप्त खबरें ।

### जोर पकड़ रहा टीईटी अनिवार्यता का विरोध, उत्तर प्रदेश में अब चरणबद्ध आंदोलन करेंगे शिक्षक



लोक तंत्र की अवाज
रत्ना
लखनऊ। परिषदीय विद्यालयों में लंबे समय से कार्यरत शिक्षकों के लिए टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) की अनिवार्यता के विरोध में शिक्षक संगठनों ने चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान किया है। अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ ने सभी संबद्ध संगठनों को साथ लेकर आंदोलन की रणनीति तैयार की है। महासंघ में कुल 20 संगठन जुड़े हुए हैं। आंदोलन के पहले चरण में नौ मार्च से 15 मार्च तक 'शिक्षक की पाती' अभियान चलाया जाएगा, जिसके माध्यम से शिक्षक अपनी बात केंद्र सरकार तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। दूसरे चरण में 13 अप्रैल को मशाल जुलूस निकाला जाएगा।

### लालगंज में निकली भव्य कलश यात्रा



लोकतंत्र की आवाज
सहरसा संवादाता । नौ दिवसीय भागवत कथा यज्ञ को लेकर लालगंज गांव में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। ग्यारह सौ कन्याओं ने धेमरा नदी से जल भरकर बारा, लागगंज होते हुये कार्यक्त्रम स्थल पहुंचा। आयोजक कमिटी ने बताया कि आगामी नौ दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्त्रम में बनारस से कथावाचक पधारे हुये हैं। कलश यात्रा को सफल बनाने में स्थानीय लोग जुटे हुये थे।

### महिला सशक्तीकरण और अधिकारों पर हुई चर्चा



लोकतंत्र की आवाज
सहरसा संवादाता। महिला दिवस के अवसर पर रविवार को आयोजित कार्यक्त्रम में स्वयं सहायता समूह की सदस्यों तथा स्थानीय समुदाय की महिलाओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि वैज्ञानिक डॉ सुनीता पासवान विशिष्ट अतिथि जीविका प्रखंड परियोजना प्रबंधक श्वेता, एटीएम शिवानी, बैंक पीओ निधि, रिंकी सिंह, मोनिका कुमारी ने महिलाओं के अधिकार, स्वास्थ्य, शिक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

### शिक्षक के बंद घर से लाखों की चोरी

लोकतंत्र की आवाज
सहरसा संवाददाता। सदर थाना क्षेत्र के पालिटेक्निक स्थित आदर्श नगर वार्ड 20 में चोरों ने शिक्षक के सुनसान घर को निशाना बनाते हुए दस लाख से अधिक की चोरी कर ली है। होली पर शिक्षक अपने घर गए थे इसी दौरान घटना को अंजान दिया गया। पीड़ित गृहस्वामी सौरबाजार सुहथ प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक संजय कुमार राय ने बताया कि वह सपरिवार होली पर्व में घर गया था पूरा परिवार चोरी मामले की पुलिस कर रही है छानबीन होली पर घर गए थे। लौटे तो देखा की घर का मुख्य ग्रिल टूटा हुआ था। जिसके बाद घर के अंदर प्रवेश करने पर देखा कि चोरों ने मुख्य ग्रिल की कुंडी काट दिया है।पीड़ित गृहस्वामी ने बताया कि चोरों ने घर में रखे गोदरेज और आलमारी को तोड़ दिया उसमें रखा कीमती सामानों की चोरी कर लिया। गृहस्वामी ने बताया पच्चीस भर चांदी का जेवर और करीब कि चोरों ने करीब पांच भरी सोना, 25 हजार रुपये चोरी कर लिया। पीड़ित ने बताया कि करीब दस लाख रूपये की चोरी हुई है। सदर थानाध्यक्ष ने कहा कि मामले की छानबीन की जा रही है।

### जालौन में हार्वेस्टर से गिरकर व्यक्ति की मौतः मटर की फसल की कटाई के दौरान पैर फिसलने से गिरा नीचे

लोकतंत्र की आवाज
माधौगढ़ जालौन । माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र में मटर की फसल की कटाई के दौरान एक व्यक्ति की हार्वेस्टर से गिरकर मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना रेंढर क्षेत्र के ग्राम कुठौदा निवासी राजू पुत्र मंजू के रूप में हुई है। यह घटना रविवार शाम को हुई। जानकारी के अनुसार, राजू माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बंगरा के पास एक खेत में मटर की फसल की कटाई के लिए हार्वेस्टर मशीन के साथ काम कर रहा था। इसी दौरान, वह किसी काम से हार्वेस्टर पर चढ़ने लगा। मशीन पर चढ़ते समय अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर पड़ा। जमीन पर गिरते ही उसे गंभीर चोटें आईं। खेत में काम कर रहे अन्य मजदूरों और किसानों ने घटना देखी। उन्होंने तुरंत घायल राजू को उठाकर उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी जुटाई। मजदूर की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया है। ग्रामीणों ने बताया कि राजू एक मेहनत मजदूरी करता था और खेतों में काम करके अपने परिवार का गुजारा करता था। पुलिस ने इस संबंध में आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। और शव को कब्जे मे लेकर शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

### जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ




लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
भागलपुर । भागलपुर ,की जनगणना 2027 के तहत प्रथम चरण में मकान का सूचीकरण एवं मकान की गणना हेतु जिला/ नगर निगम/ चार्ज ऑफिसर के स्तर के शासकीय सेवकों का 6 दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्त्रम का आयोजन भागलपुर के समीक्षा भवन में किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्त्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी के कर कमलों से दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह, नगर आयुक्त किसलय कुशवाहा, अनुमंडल पदाधिकारी कहलगांव कृष्णचंद्रगुप्त, अपर समाहर्ता दिनेश राम, अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था श्री राकेश रंजन सहित संबंधित पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# तृतीय ग्लोबल विदुषी द्विदिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

## मगध विश्वविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका डॉ. एकता वर्मा सम्मानित






लोकतंत्र की आवाज

**संवाददाता विनोद प्रसाद**
**पटना/लखनऊ।** विदुषी समूह ग्लोबल संस्कृत फोरम, संस्कृत विभाग और प्राकृत भाषा लखनऊ, नवयुग कन्या महाविद्यालय, लखनऊ, महिला विद्यालय डिग्री कॉलेज, लखनऊ, सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला महाविद्यालय लखनऊ एवं नारी शिक्षा निकेतन पीजी कॉलेज, लखनऊ शिक्षण संस्थाओं के संयुक्त तत्वाधान में तृतीय ग्लोबल विदुषी द्विदिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 2026 का आयोजन लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय भवन के सभागार में किया गया। 7 मार्च एवं 8 मार्च को ऑफलाइन मोड में आयोजित इस सम्मेलन का विषय "शक्ति अपनी पूर्ण कला में स्फुरित" रहा।

कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन के द्वारा किया गया। बीज वक्ता के रूप में प्रो मनु लता शर्मा, सारस्वत अतिथि के रूप में संस्कृत के मूर्धन्य विद्वान प्रो हरि दत्त शर्मा, प्रो आशु रानी विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो हरप्रीत कौर, प्रो रचना दुबे, प्रो रश्मि बिश्नोई, प्रो धर्म कौर, मुख्य अतिथि के रूप में प्रो मनोज दीक्षित जैसे महनीय विद्वानों की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने अपने उद्बोधन में नारी के महत्व और विशेषताओं पर प्रकाश डाला। धन्यवाद ज्ञापन डॉ राजेश कुमार मिश्र महासचिव ग्लोबल संस्कृत फोरम के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर मगध विश्वविद्यालय बोधगया के संस्कृत विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. एकता वर्मा को "याज्ञसेनी राष्ट्रीय पुरस्कार" से सम्मानित किया गया। साथ ही सम्मेलन के उद्घाटन सत्र के उपरांत आयोजित तकनीकी सत्र में डॉ. एकता वर्मा ने आमंत्रित वक्ता के रूप में अपना विचार प्रस्तुत करते हुए आधुनिक संस्कृत साहित्य की प्रख्यात कवयित्री पंडिता क्षमता राव के साहित्यिक अवदान पर विद्वत्तापूर्ण व्याख्यान दिया।

अपने वक्तव्य में उन्होंने पंडिता क्षमा देवी राव के काव्य की प्रमुख विशेषताओं, संस्कृत साहित्य में उनके रचनात्मक योगदान तथा आधुनिक संस्कृत काव्यधारा में उनके विशिष्ट स्थान को उदाहरणों सहित स्पष्ट किया। डॉ. वर्मा के इस विचारोत्तेजक व्याख्यान को विद्वानों और श्रोताओं द्वारा अत्यंत सराहा गया।

# एक मिनट चालिस सेकेंड में साढ़े चार लाख की लूट, सीसीटीवी में कैद हुए सभी बदमाश



लोकतंत्र की आवाज

**समस्तीपुर।** सोमवार को राहुल इंटरप्राइजेज नामक एजेंसी में लूट की घटना को अंजाम दे गई। 3 नकाबपोश बदमाश हथियार लेकर करीब 12 बजे घुसे और 1 मिनट 40 सेकेंड में लूटपाट की और 4.50 लाख रुपए और एक लैपटॉप लेकर भाग निकले। घटना बहादुरपुर मॉडल हाईस्कूल मोहल्ले की है। इस घटना की दो सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है एक बाइक पर तीन बदमाश एजेंसी के पास पहुंचते हैं। फिर एक—एक कर तीनों हाथ में पिस्टल लिए एजेंसी में घुसकर एक बदमाश एजेंसी संचालक राहुल को एक कमरे में बंद कर दिया है। फिर दूसरा बदमाश राहुल के भाई को कनपट्टी पर पिस्टल सटाकर कैश काउंटर खुलवाया। यहां एक बदमाश बैग लेकर पहुंचता है और तेजी से कैश भरता है और आराम से निकल जाता है।

इस दौरान एजेंसी का मुख्य दरवाजा बंद भी कर देता है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुजेट को जब्त की है। एजेंसी के मालिक राहुल ने बताया कि ऑफिस में 3 बदमाश घुसे थे। तीनों के हाथ में पिस्टल था। बदमाशों के आने से पहले वेंडर वसूली के रुपए लेकर आया था। वेंडर ऑफिस में बैग रखा ही था, तभी बदमाश पहुंच गये। बदमाशों ने मुझे साइड कर दिया और छोटे भाई अंकित पर पिस्टल तान दिया। हमलोग उस समय ऑफिस में 12 लोग थे। हम काफी डर गये थे। गल्ले में ढ़ाई लाख रुपए थे और वसूली के 2 लाख रुपए थे। सभी रुपए बदमाश लेकर चले गये। बदमाशों के चेहरे पर गमछा और हेलमेट था। इससे किसी को पहचान नहीं पाए। दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी में भी बदमाश दिख रहे हैं। तीनों बदमाश एक बाइक से आये थे।

घटना की सूचना मिलते ही नगर पुलिस के साथ फॉरेंसिक विभाग और डीआईयू की टीम मौके पर पहुंची। पीड़ित एजेंसी मालिक से पूछताछ की। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज मिला है। बदमाशों की पहचान की जा रही है। पुलिस ने बताया कि जल्दी ही बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# भागलपुर : मंजूषा महोत्सव का जिलाधिकारी ने किया उद्घाटन




लोकतंत्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**
**भागलपुर।** भागलपुर के सैनडिस् मैदान के ओपन थिएटर में आयोजित तीन दिवसीय मंजूषा महोत्सव का जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी ने दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त श्री प्रदीप कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी कहलगांव श्री कृष्ण चंद्रगुप्त एवं कला संस्कृति पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी गण, स्थानीय तथा पटना से आए कलाकार गण उपस्थित थे। मंजूषा महोत्सव में स्थानीय एवं पटना से आए कलाकारों ने मनमोहक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

# रमजान में जरूरतमंदों के बीच वस्त्र वितरण, कपड़े पाकर खिले रोजेदारों के चेहरे

**■ बगहा में पूर्व सभापति जरीना खातून व वार्ड पार्षद सबीना खातून की पहल, हजारों लोगों को मिली मदद**



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा।** रमजान के पाक महीने में ईद की खुशियों को साझा करने के उद्देश्य से नगर परिषद की पूर्व सभापति जरीना खातून द्वारा हर वर्ष की तरह इस बार भी गरीब और जरूरतमंद रोजेदारों के बीच वस्त्र वितरण किया गया। इस अवसर पर उनके पति सह अधिवक्ता फिरोज आलम तथा वार्ड पार्षद सबीना खातून की मौजूदगी में सैकड़ों गरीब, मजलूम और जरूरतमंद रोजेदारों को कपड़े दिए गए।

कपड़े पाकर रोजेदारों के चेहरे खुशी से खिल उठे। लोगों ने इस पहल के लिए जरीना खातून और उनके परिवार को मुबारकबाद देते हुए दिल से दुआएं भी दीं। इस मौके पर अधिवक्ता फिरोज आलम ने बताया कि यह परंपरा उनके पिता मरहूम शफीक आलम द्वारा करीब 20 वर्ष पहले शुरू की गई थी, जिसे आज भी उसी भावना के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना भाईचारे, दया और जरूरतमंदों की मदद का संदेश देता है। इसी भावना के तहत हर वर्ष ईद के अवसर पर वस्त्र वितरण किया जाता है, ताकि गरीब और रोजेदार लोग भी अपने परिवार के साथ खुशी—खुशी ईद का त्योहार मना सकें।

उन्होंने बताया कि वस्त्र वितरण कार्यक्त्रम की शुरुआत हो चुकी है और यह ईद से पहले तक लगातार जारी रहेगा। कार्यक्त्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर वार्ड 27 के प्रतिनिधि मोबिन अंसारी, मो. तैयब, मो. माईनुद्दीन आलम, मो. अफरोज आलम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# भागलपुर जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह आयोजन की तैयारी



लोकतन्त्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**
**भागलपुर।** जिले के डायट कॉलेज में आगामी 29 मार्च रविवार को शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन प्रस्तावित है।इसे लेकर बांका जिले में द बिहार हिस्ट्री मैकर्स शिक्षक संघ के प्रमंडल व जिला स्तरीय पदाधिकारी ने कमर कस लिया है।प्रमंडल अध्यक्षा रीना कुमारी व उपाध्यक्षा अर्चना कुमारी ने बताया कि जिले के 101 शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा,जो अपने नवाचारों के लिए सराहे जा रहे हैं।

आयोजन की सफलता के लिए डीईओ डीपीओ स्थापना शाखा व सभी प्रखंडों के बीईओ भी कार्यक्त्रम में शिरकत करेंगे। प्रमंडल मीडिया प्रभारी डॉ नयन तिवारी ने बताया कि शिक्षकों में धन से अधिक सम्मान की भूख होती है।संसार का यह सबसे अनुपम पद है जो सबके मंगल की कामना करता है।इनकी सेवा—भावना अन्य पदों से भिन्न होती है।छात्रों के समुज्ज्वल भविष्य निर्माण में अपनी बेशकीमती ऊर्जा को खपत करते हैं।स्वयं को ज्ञान रुपी तपस्या की अग्नि में झोंक कर विश्व को अपने ज्ञानामृत से सींचित करते हैं।संघ के संस्थापक डॉ कुमार गौरव ने सभी सदस्यों को सफल संचालन हेतु शुभकामना प्रेषित किया है।कार्यक्त्रम की सफलता में डॉ अमोद कुमार,फिरदौस आलम,लीना भारती,रेणु सिंह,अनुरीता,प्रीता,राखी, रविशंकर,अर्चना वर्मा,शंकर,जयंती व मीनाआदि लगे हुए हैं।

# शशि भूषण कुमार प्रजापति बने लोजपा (आर) के पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष




लोकतंत्र की आवाज

**संवाददाता विनोद प्रसाद**
**पटना।** बिहार कुम्हार ( प्रजापति) समन्वय समिति के प्रदेश सचिव एवं अधिवक्ता शशि भूषण कुमार प्रजापति को लोक जनशक्ति पार्टी (रा) के पिछड़ा, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। पार्टी कार्यालय में आयोजित समारोह में उनका फूल—मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने उन्हें मनोनयन पत्र प्रदान किया। प्रदेश ? उपाध्यक्ष बनाए जाने पर उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी।

इससे पूर्व शशिभूषण प्रजापति ने लोक जनशक्ति पार्टी ( रा.) के पिछड़ा/ अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शंकर शर्मा के नेतृत्व में अपने समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने कहा कि बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट विजन के तहत काम करने वाली पार्टी लोजपा (रा) का मुख्य उद्देश्य शोषितों, वंचितों और समाज के निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्य धारा में लाना है। पार्टी अति पिछड़ा वर्ग के पारंपरिक व्यवसायों और शिल्प कला को बढ़ावा देने की वकालत करती है। वरिष्ठ समाज सेवी सुरेन्द्र प्रजापति ने पिछड़ा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष बनाए जाने पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देते हुए अतिपिछड़ों के हित में निरंतर कार्य करने की सलाह दी। डॉ कमलेश प्रजापति, दानी प्रजापति, संतोष प्रजापति, माया प्रजापति, रुक्मणी देवी, वीणा देवी, राजकुमारी देवी, ई.योगेन्द्र पंडित, प्रो.आलोक प्रकाश दिवाकर, गुड़िया देवी, ? के.डी.पंडित, सुभाष प्रजापति सहित सभी वर्ग के लोगों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण, गंगा समिति एवं पर्यावरण समिति की बैठक कर निर्देश दिए




लोकतंत्र की आवाज

**उरई जालौन।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा समस्त विभागों को निर्देशित किया कि विगत तीन वर्षों में कराये गये वृक्षारोपण की जांच थर्ड पार्टी मानिटरिंग टीम द्वारा की जायेगी, जो मृत पौधे हो उनको तत्काल वदल कर नये पौधों का रोपण किया जाये।प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा समस्त विभागों आवंटित लक्ष्यों के सापेक्ष स्थल चयन एवं गड्डा खुदान की सूचना प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया। प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा वर्ष 2026 में किये जाने वृक्षारोपण की सम्पूर्ण तैयारी करने हेतु समस्त विभागें को शासन द्वारा जारी टाइम लाइन से अवगत कराया। जिला गंगा समिति के अन्तर्गत जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियंता लघु सिचाई जनपद जालौन को नून नदी पर कराये जाने वाले कार्यों की कार्ययोजना एक सप्ताह में प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ० दुर्गेश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी के०के० सिंह, मा० जलशक्ति मंत्री प्रतिनिधि अरविंद चौहान, प्रभागीय वनाधिकारी, परियोजना निदेशक एवं समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# गोपालगंज जिले में खुला बिहार का पहला हाई-टेक ऑटोमेटिक गुड़ प्लांट; 15 करोड़ की लागत से किसानों की बदलेगी किस्मत



लोक तंत्र की आवाज़

**गोपालगंज ।** गोपालगंज जिले के पंचदेवरी प्रखंड स्थित खालगांव में रविवार को बिहार के पहले अत्याधुनिक ऑटोमेटिक गुड़ निर्माण प्लांट 'हर्षवर्धन इंडस्ट्रीज' का भव्य उद्घाटन हुआ। गन्ना उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव के. सेंथिल कुमार ने फीता काटकर इस हाई—टेक यूनिट की शुरुआत की। कभी चीनी मिलों के बंद होने से निराश हो चुके इस क्षेत्र के किसानों के लिए यह प्लांट एक नई उम्मीद की किरण बनकर उभरा है।

**15 करोड़ की लागत और अत्याधुनिक तकनीकः** बिहार सरकार के गुड़ उद्योग प्रोत्साहन कार्यक्त्रम के तहत इस प्लांट को करीब 15 करोड़ रुपये की लागत से दो एकड़ भूमि पर तैयार किया गया है। यह पूरी तरह से ऑटोमेटिक प्लांट है, जिसमें मानवीय हस्तक्षेप न्यूनतम होगा।

पेराई क्षमताः प्रतिदिन लगभग 100 टन गन्ना, उत्पादनः रोजाना 13 टन से अधिक उच्च गुणवत्ता वाले गुड़ का निर्माण, क्षेत्रफलः दो एकड़ में फैला आधुनिक परिसर,बंद चीनी मिलों के दौर से बाहर निकलेगा इलाका

पिछले दो दशकों में गोपालगंज और आसपास के इलाकों में कई चीनी मिलें बंद होने के कारण गन्ने की खेती का रकबा काफी घट गया था। बाजार न मिलने के कारण किसान मायूस थे। इस ऑटोमेटिक प्लांट के शुरू होने से अब स्थानीय स्तर पर ही गन्ने की खपत सुनिश्चित होगी। किसानों में इसे लेकर भारी उत्साह है और वे अब फिर से बड़े पैमाने पर गन्ने की खेती की ओर लौटने की योजना बना रहे हैं।

**सरकार की प्रोत्साहन योजनाएं और भविष्य की राहः** उद्घाटन समारोह के दौरान अपर मुख्य सचिव के. सेंथिल कुमार ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार गन्ना उद्योग को पुनर्जीवित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जोर दिया कि किसानों को आधुनिक तकनीक और सरकारी अनुदानों का पूरा लाभ उठाना चाहिए। अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे गांवों में जाकर किसानों को नई किस्मों और तकनीकी जानकारी से अपडेट रखें।

**पारंपरिक उद्योग को मिला आधुनिक विस्तार :** यह प्लांट न केवल गुड़ के उत्पादन को बढ़ाएगा, बल्कि बिहार के पारंपरिक गुड़ उद्योग को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप खड़ा करने में मदद करेगा। हर्षवर्धन इंडस्ट्रीज के माध्यम से उत्पादित गुड़ की पैकेजिंग और गुणवत्ता बाजार में अन्य ब्रांडों को टक्कर देने में सक्षम होगी, जिससे स्थानीय रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजिटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।